आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 192- ● जबलपुर ● गुरुवार, 12 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## यूपी के बस्ती में हादसा कंटेनर में पीछे से जा घुसी कार, पांच लोगों की मौत

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के गोटवा बाजार नगर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कटया के पास कार से झारखंड जा रहे एक ही परिवार के पांच लोगों की भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नगर व फुटहिया पुलिस ने किसी तरह कार से पांचों शवों को बाहर निकाला। घटना में एक बच्ची और कार चालक बचे हैं, जिनकी हालत गंभीर है और अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। यह हादसा कितना भयावह था इस बात का अंदाजा कार की हालत से ही लगाया जा सकता है।

# ब्याज और लेट फीस लौटाएगा आयकर विभाग, तकनीकी खामी के चलते वसूले थे

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2020-21 यानी आकलन वर्ष 2021-22 के लिए व्यक्तिगत करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर 2021 तय की है। 30 सितंबर के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करने पर करदाताओं पर जुर्माना लगेगा। लेकिन कुछ करदाताओं से अगस्त में भी लेट फी वसूली गई है। कई करदाताओं ने इसकी शिकायत की है कि आयकर पोर्टल पिछले कुछ दिनों से रिटर्न दाखिल करने पर सेक्शन 234ख के तहत लेट फीस चार्ज कर रहा है। आयकर विभाग ने इससे संबंधित गड़बड़ी को ठीक कर लिया है। अब ऐसे करदाताओं को लेट फी की राशि वापस मिलेगी। आयकर विभाग ने कहा है कि वह सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी की वजह से हुआ था। इसलिए अब आकलन वर्ष 2021-22 का रिटर्न भरते समय करदाताओं से लिए गए ब्याज और विलंब शुल्क को लौटाया जाएगा। पिछले कुछ दिनों से करदाताओं ने सोशल मीडिया के जरिए आयकर विभाग से अनुरोध किया था कि सर्वर से लेट-फाइलिंग फीस को हटा लिया जाए। विभाग ने करदाताओं को सलाह दी कि वे आईटीआर सॉफ्टवेयर के नए



संस्करण का उपयोग करें या ऑनलाइन फाइल करें। अगर किसी ने गलत ब्याज या विलंब शुल्क के साथ आईटीआर जमा किया है, तो सीपीसी-आईटीआर पर प्रसंस्करण करते समय इसकी गणना की जाएगी और भुगतान की गई अतिरिक्त राशि वापस कर दी जाएगी। आयकर कानून के सेक्शन 234F के मुताबिक, अगर कोई करदाता निर्धारित समय के बाद रिटर्न दाखिल करता है तो विलंबित रिटर्न के लिए अधिकतम 10,000 रुपये शुल्क के तौर पर वसूले जाते हैं। वहीं अगर किसी व्यक्ति की कुल आय पांच लाख रुपये से ज्यादा नहीं है, तो लेट-फाइलिंग फीस की राशि 1,000 रुपये है।

### सात जून को हो हुई थी नए आयकर पोर्टल की शुरुआत

गत सात जून को काफी जोरशोर से नए आयकर पोर्टल www.incometax.gov.in की शुरुआत की गई थी। शुरुआत से ही पोर्टल पर तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। नई वेबसाइट इंफोसिस ने तैयार की है। आयकर विभाग के नए पोर्टल में जारी तकनीकी कमियों के बीच इंफोसिस ने कहा कि वह इन खामियों को दूर करने के लिए तेजी से काम कर रही है और वर्तमान में यह उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# विपक्षी दलों का मार्च, राहुल बोले.. सरकार ने हमें बोलने नहीं दिया

## पीएम पर बड़ा आरोप, कहा-सदन में पहली बार हुई सांसदों की पिटाई

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को हंगामे के विरोध में विपक्षी दल आज केंद्र सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे हैं। विपक्षी दलों के सांसदों विजय चौक तक पैदल मार्च कर रहे हैं। इस मार्च में शशि थरूर व राहुल गांधी सहित कई बड़े विपक्षी नेता शामिल हुए हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाया कि मानसून सत्र के दौरान सरकार ने विपक्ष को संसद में बोलने की अनुमति नहीं है। यह लोकतंत्र की हत्या है। इससे कुछ देर पहले ही आज राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में विपक्षी दलों के नेताओं ने बैठक भी की थी।



### पेगासस को विपक्ष ने बनाया मुद्दा

विपक्ष के मार्च के बाद राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि हमने सरकार से पेगासस पर बहस करने के लिए कहा था लेकिन केंद्र सरकार ने पेगासस जासूसी मुद्दे पर बहस करने से साफ इनकार कर दिया। हमने संसद के बाहर किसानों का मुद्दा उठाया और हम आज यहां आपसे बात करने आए हैं क्योंकि हमें संसद के अंदर नहीं बोलने दिया गया। ये देश के लोकतंत्र की हत्या है। राहुल गांधी ने कहा कि संसद में देश के 60 प्रतिशत लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है।

### पवार ने भी सरकार पर साधा निशाना

वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि बीते 55 साल की राजनीति में उन्होंने ऐसी राजनीतिक स्थिति नहीं देखी कि महिला सांसदों पर ही सदन के भीतर हमला किया गया हो। उन्होंने कहा कि सांसदों को नियंत्रित करने के लिए 40 से अधिक पुरुषों और महिलाओं को बाहर से सदन में लाया गया। यह दर्दनाक है। यह एक हमला है। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ% की बात करती है, लेकिन महिलाओं की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि जिस तरह से महिला सांसदों का अपमान किया गया, यह काफी शर्मनाक है।

### लोकतंत्र शर्मसार हुआ-भाजपा

इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस प्रकार का व्यवहार आज कांग्रेस पार्टी और कुछ अन्य विपक्षी पार्टियां सड़क पर उतरकर कर रही हैं। जिस प्रकार अराजकता संसद के अंदर विपक्षी पार्टियों और खासकर राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने दिखाया है उससे पूरा देश और लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। कुल मिलाकर अब कांग्रेस भाजपा आमने सामने हैं।



## विवेक का सम्मान

***भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ओलिंपिक कांस्य विजेता विवेक सागर के साथ स्मार्ट सिटी पार्क में पौधारोपण किया। सीएम शिवराज सिंह चौहान के निवास पर विवेक का मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं ओलिंपिक में बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस दौरान खेल मंत्री यशोधरा राजे भी वहां मौजूद रहीं। इसके पहले विवेक सागर का भोपाल पहुंचने पर गुरुवार को राजा भोज एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया एवं खेल विभाग के अधिकारियों ने विवेक की आत्मीय अगवानी की। विवेक एयर इंडिया की नियमित दिल्ली उड़ान से सुबह 7.30 बजे भोपाल पहुंचे। उनकी अगवानी के लिए खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया कुछ समय पहले ही एयरपोर्ट पहुंच गई थीं। साई के डायरेक्टर सत्यजीत संकित, खेल विभाग के डायरेक्टर पवन जैन, जॉइंट डायरेक्टर विनोद प्रधान एवं बीएस यादव सहित खेल अकादमी के सदस्यों ने विवेक का भव्य स्वागत किया।*

### मध्यप्रदेश के 11 पुलिस अधिकारियों को मेडल फार एक्सीलेंस इन इनवेस्टीशन

**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा एमपी के 11 पुलिस अधिकारियों को मेडल फार एक्सीलेंस इन इनवेस्टीशन दिया जाएगा इसमें उमेश प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर, आलोक श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर, अनिमेष कुमार द्विवेदी, इंस्पेक्टर, आकांक्षा साहरे, एसआइ, सुनील लता, इंस्पेक्टर, जितेंद्र सिंह भास्कर, इंस्पेक्टर, आरती धुर्वे, एसआइ, रेवल सिंह बर्डे, इंस्पेक्टर, रामप्यारी धुर्वे, एसआइ, अंजू शर्मा, एसआइ, अभय नेमा, इंस्पेक्टर शामिल हैं।

# कांग्रेस के चहचहाने पर रोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई नेताओं के अकाउंट के बाद अब कांग्रेस पार्टी का ट्विटर अकाउंट भी लॉक हो गया है। गुरुवार को कांग्रेस ने दावा करते हुए कहा कि उनका ट्विटर अकाउंट लॉक कर दिया गया है, लेकिन हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। कांग्रेस ने कहा कि जब हमारे नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया, हम तब नहीं डरे तो अब ट्विटर अकाउंट बंद करने से क्या खाक डरेंगे। हम कांग्रेस हैं, जनता का संदेश है, हम लड़ेंगे, लड़ते रहेंगे। अगर दुष्कर्म पीड़िता बच्ची को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाना अपराध है, तो ये अपराध हम सौ बार करेंगे। जय हिंद...सत्यमेव जयते। आपको बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी ने दिल्ली में एक नौ साल की बच्ची के साथ कथित दुष्कर्म फिर हत्या के मामले में उसके परिवार से मुलाकात की थी और इसके कुछ देर बाद ही राहुल गांधी ने इस मुलाकात की तस्वीर ट्विटर पर साझा की थी। राहुल के ट्वीट के खिलाफ राष्ट्रीय बाल आयोग की शिकायत के बाद ट्विटर ने न केवल राहुल गांधी का ट्वीट हटा दिया बल्कि उनके अकाउंट पर अस्थाई रोक भी लगा दी। ट्विटर के जरिए रोजाना मोदी सरकार पर हमला करने वाले राहुल गांधी पाबंदी के कारण दो दिन से ट्वीट नहीं कर पाए।

कांग्रेस का ट्विटर अकाउंट ब्लाक



## फटाफट खबरें



### भारत- इंग्लैंड दूसरा टेस्ट आज, से

**नई दिल्ली।** गुरुवार यानी आज 12 अगस्त से भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में दूसरा टेस्ट मैच शुरू होने जा रहा है। इस लंबी टेस्ट सीरीज के लिए दोनों टीमों के साथ-साथ फैंन्स भी तैयार हैं। विराट कोहली की अगुवाई में उतरने वाली टीम इंडिया की यही कोशिश होगी कि वह अपनी पहली जीत के साथ खाता खोले। क्योंकि नॉटिंघम में खेला गया पहला टेस्ट मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका था उसे ड्रा करना पड़ा था, जिसमें भारत की जीत तय नजर आ रही थी। इसलिए दूसरा टेस्ट मैच दोनो ही टीमों के साथ दर्शकों के लिए भी बहुत रोमांचक साबित होने वाला है।

### एसडीएम की फर्जी फेसबुक आइडी बनाई

**ग्वालियर।** ग्वालियर लश्कर क्षेत्र के एसडीएम अनिल बनवारिया की फर्जी फेसबुक आइडी बनाई गई है। आइडी बनाने वाले ने एसडीएम की फोटो का भी इस्तेमाल किया है। इसके बाद उनसे जुड़े लोगों को फ्रेंडशिप की रिक्वेस्ट भी भेजी है। जब लोगों के फोन आना शुरू हुए तो एसडीएम को इसकी जानकारी लगी। उन्होंने अपनी फेसबुक वॉल पर मैसेज डालकर लोगों का आगाह किया है।



# फिर बढ़ा कोरोना, बीते 24 घंटे में 41,195 नए मामले

## चिंता में देश, फिर से 8 राज्यों लॉकडाउन जैसी पाबंदी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में फिर से बढ़तोरी होने लगी है। बीते 24 घंटे में देश में 41,576 नए मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, 491 लोगों की जान चली गई, जबकि 39,125 मरीज ठीक हुए है। ऐसा पांच दिन बाद हुआ है जब यह संख्या 40 हजार के पार पहुंची है। इससे पहले आंकड़े 40 हजार के नीचे थे। 5 अगस्त को 45 हजार केस समाने आए थे। केरल में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यहां 23,500 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 19,411 ठीक हुए और 116 की मौत हो गई। अब तक कुल संक्रमित हो चुके- 3.20 करोड़ अब तक ठीक हुए- 3.12 करोड़ अब तक कुल मौतें- 4.29 लाख अभी इलाज करा रहे मरीजों की कुल संख्या- 3.82 लाख आठ राज्यों में लॉकडाउन जैसे प्रतिबं देश के 8 राज्यों में पूर्ण लॉकडाउन जैसी पाबंदियां हैं, इनमें हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु, मिजोरम, गोवा और पुडुचेरी शामिल हैं। यहां पिछले लॉकडाउन जैसी पाबंदियां लगाई गई है।

# अनूपपुर की बेटी चंपा सिंह से पीएम मोदी ने की बात

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर नारी शक्ति से संवाद कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के अनूपपुर की चंपा सिंह से बात की। चंपा सिंह ने प्रधानमंत्री को बताया कि जब वे 11 साल की थी तब पिताजी का निधन हो गया, इसके बाद कम उम्र में ही मेरी शादी हो गई थी। शादी के 2 महीने बाद ही पति का भी निधन हो गया। इसके बाद मैं और मेरी मां बेसहारा हो गए थे। तब अजीविका मिशन हमारा साहारा बना, चंपा ने बताया कि उन्होंने स्व सहायता समूह से जुड़कर अलग- अलग विषयों से संबंधित 100 से अधिक प्रशिक्षणों में हिस्सा लिया। इसमें एक कृषि सखी का प्रशिक्षण मैंने प्राप्त किया है। मैंने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश में 5,500 महिला किसानों जैवित खेती पर प्रशिक्षण दिया है। पुष्पराजगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत हर्रा टोला अंतर्गत ग्राम सोनियामार की रहने वाली चंपा जैविक खेती पर काम कर रहीं हैं। इन्होंने अभी तक करीब 55 सौ परिवारों को जैविक खाद तैयार करना सिखाया है। राज्य आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह में चंपा सिंह 25 वर्ष कृषि सखी मास्टर ट्रेनर के पद पर हैं। अभावों के दौर से गुजरकर चंपा ने कठिन परिश्रम की बदौलत आज आत्मनिर्भरता के सफल रास?ते पर चल पड़ी हैं। प्रयासों की बदौलत जो सफलता मिली उससे अनूपपुर जिले की प्रथम महिला होने का गौरव चंपा को मिल गया है, जिसने प्रधानमंत्री से वार्तालाप की है।



## लगातार बढ़ रहा गंगा का जलस्तर 406 गांव बाढ़ से प्रभावित

**बनारस।** वाराणसी में बाढ़ से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। गंगा और वरुणा पलट प्रवाह के कारण खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शहर के निचले और ग्रामीण इलाकों में बाढ़ से हाहाकार मचा है। खतरे के निशान से ऊपर बह रही गंगा का जलस्तर अपने उच्चतम स्तर की तरफ बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार सुबह सात बजे तक वाराणसी में गंगा का जलस्तर 72.01 मीटर पर था। इसमें एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ोत्तरी हो रही है। काशी में गंगा की धारा तबाही मचाने की राह निकल पड़ी है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, बुधवार सुबह 8 बजे 72.02 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान (71.26 मीटर) से 76 सेंटीमीटर ऊपर था। इसके बाद गंगा के जलस्तर में एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ाव जारी था। दोपहर 12 बजे गंगा का जलस्तर 72.06, तीन बजे 72.09 और शाम को छह बजे गंगा का जलस्तर 72.12 मीटर तक पहुंच गया।मिर्जापुर जिले में सुबह से रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते बुधवार को बाढ़ क्षेत्रों की मुश्किलें और बढ़ गईं।

## लगातार गिर रहे पत्थर, अब तक 14 शव बरामद

### किन्नौर हादसा, मौके पर पहुंचे सीएम जयराम ठाकुर

**किन्नौर।** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने गुरुवार को किन्नौर जिले में निगुलसरी का हवाई निरीक्षण किया। सीएम जयराम का हेलीकॉप्टर एसजेवीएनएल के झाकड़ी स्थित हेलीपेड पर उतरा। इसके बाद वे सड़क मार्ग से घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से निगुलसरी में मलबे में दबे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए एनडीआरए व जिला प्रशासन की टीम अथक प्रयास कर रही है। कई लोगों को सुरक्षित निकालने में हमें सफलता प्राप्त हुई है लेकिन कई अमूल्य जिंदगियों को हम नहीं बचा सके जिसका हमें अत्यंत दुख है। पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने के कारण पिछले एक घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है। एनडीआरएफ के जवान लाऊड स्पीकर के जरिए लोगों को आगाह कर रहे हैं कि घटनास्थल की ओर न जाएं। पहाड़ी से लगातार पत्थर गिर रहे हैं। निगुलसरी में बुधवार को हुए भूस्खलन के कारण अब तक 14 लोगों की मौत हुई है जबकि कई लोग लापता हैं। एनडीआरएफ, सेना, आईटीबीपी, पुलिस और स्थानीय लोग रेस्क्यू में जुटे हुए हैं।



## महाहैकिंग: हैकर्स ने चुराई 4,500 करोड़ से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी



**नई दिल्ली।** हैकर्स ने अब तक की सबसे बड़ी हैकिंग को अंजाम दिया है और यह हैकिंग कोई आम हैकिंग नहीं है, बल्कि डिजिटल करेंसी क्रिप्टोकरेंसी की हैकिंग है। क्रिप्टोकरेंसी ट्रांसफरिंग के लिए जानी जाने वाली एक कंपनी पॉली नेटवर्क ने कल ही कहा था कि कि हैकर्स ने उसके नेटवर्क में सेंध लगा दी है और करोड़ों की कीमत वाली क्रिप्टोकरेंसी ले उड़े हैं।वहीं अब कंपनी का कहना है कि चुराई गई 4,500 करोड़ से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी में से हैकर्स ने करीब 1,930 करोड़ की क्रिप्टोकरेंसी लौटी दिए हैं। पॉली नेटवर्क के मुताबिक 26.9 करोड़ डॉलर की इथीरियम और 8.4 करोड़ डॉलर की पॉलीगॉन नहीं लौटाई गई है। कंपनी ने इसकी जानकारी एक के बाद एक कई ट्वीट करके दी है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कवायद सुपरहिट पूरा देश गा रहा जन-गण-मन, आप भी गाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई के मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्रगान का जिक्र किया था और rashtragaan.in के माध्यम से देशवासियों के लिए एक ऐसे प्लाटफॉर्म की घोषणा की थी, जहां आकर कोई भी नागरिक जन-गण-मन का गान कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह कवायद सुपरहिट हो गई है। बड़ी संख्या में लोग इस वेबसाइट पर जाकर राष्ट्रगान गा रहे हैं, अपना वीडियो अपलोड कर रहे हैं और तत्काल सर्टिफिकेट हासिल कर रहे हैं। फेसबुक, ट्विटर समेत सभी इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे सर्टिफिकेट की मानो बाढ़ आ गई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 15 अगस्त तक करोड़ों देशवासी इस अनूठे अभियान का हिस्सा बन जाएंगे।

**Happy Independence Day 2021 तकनीक का शानदार उपयोग, उपयोग में आसान**

सबसे अच्छी बात यह है कि इस अभियान के लिए तकनीक का शानदार उपयोग किया गया है। यह बहुत आसान है और कोई भी सामान्य इन्सान उपयोग कर सकता है। rashtragaan.in पर क्लिक करते ही जो पेज खुलता है, वहां 'Proceed' या आगे बढ़ें पर क्लिक करें। (यहां 12 भाषाओं के विकल्प मौजूद हैं।) अगले पेज पर पूरा नाम, उम्र, देश और राज्य की एंट्री करना होगी। इसके बाद %चलो गाएं या Let's Sin पर क्लिक करें। क्लिक करते ही नया पेज खुलेगा और फ्रंट कैमरा चालू हो जाएगा। गायन शुरू करने के लिए रिकॉर्ड बटन दबाएं। मोबाइल या डेस्कटॉप के फ्रंट कैमरे की मदद से सिंगर खुद को देख सकता है। रिकॉर्ड करें पर क्लिक करते ही जन-गण-मन की धुन चालू हो जाती है। आपको इस धुन के साथ गाना है। वीडियो अपने आप रिकॉर्ड हो जाएगा। राष्ट्रगान पूरा होने के बाद आप इसे सुन भी सकते हैं। अपलोड बटन दबाने पर वीडियो अपलोड हो जाएगा। दोबारा प्रयास करने के लिए पुन~ आरंभ करें का विकल्प भी है। वीडियो अपलोड करते ही सर्टिफिकेट मिल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह कवायद इस लिहाज से भी बहुत पसंद की जा रही है कि इससे सभी लोगों को राष्ट्रगान का मौका मिल रहा है। दादा-दादी के साथ ही पोते-पोतियां भी इसका उपयोग कर रहे हैं।







# हस्त नक्षत्र में कल नागपंचमी

**जबलपुर, यशभारत।** सावन मास की शुक्ल पंचमी को नाग पंचमी का पर्व अपार उत्साह के साथ 13 अगस्त शुक्रवार को हस्त नक्षत्र में मनाया जाएगा। हिंदू शास्त्रों में नागों की पूजा का बहुत महत्व है। इस दिन सर्प की पूजा करने से शक्ति, धन और मनोकामनाएं पूरी होती है। इस दिन नाग की पूजा करने का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन सर्प देवता को दूध चढ़ाने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार श्रावण शुक्ल पंचमी तारीख को समस्त नाग वंश ब्रह्माजी के पास अपने श्राप से मुक्ति पाने के लिए मिलने गए थे। जब ब्रह्मा देव ने नागों को श्राप से मुक्त कर दिया। इसके बाद से नागों की पूजा करने की परंपरा शुरू हो गई। अन्य पौराणिक कथा के मुताबिक भगवान श्रीकृष्ण ने सावन मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को कालिया नाग का वध किया था। उन्होंने गोकुलवासियों की जान बचाई थी। तभी से नाग पूजा का पर्व शुरू हुआ।

- नाग पंचमी की पूजा का शुभ मुहूर्त 13 अगस्त को सुबह 5 बजकर 49 मिनट से सुबह 8 बजकर 27 मिनट तक रहेगा।
- पंचमी तिथि प्रारंभ 12 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 24 मिनट पर।
- पंचमी तिथि समाप्त 13 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 42 मिनट तक।

### नाग पंचमी पूजा विधि

नाग पंचमी के दिन सुबह जल्दी उठकर घर की साफ सफाई करें। फिर स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहने। अब लकड़ी के पाट पर साफ लाल या पीले रंग का कपड़ा बिछाएं। उस पर नागदेवता की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित करें। अब प्रतिमा पर जल, पुष्प, फल और चंदन लगाएं। फिर दूध, दही, घी, शहर और पंचामृत से स्नान कराएं। फिर प्रसाद का भोग लगाएं और आरती करें।

# महामारी में मौसमी बीमारी

# घर-घर वायरल फीवर के मरीज

**जबलपुर,यशभारत।** कोरोना की वजह से लोगों में बुखार को लेकर ज्यादा ही डर बना हुए है, वहीं दूसरी तरफ नगर में ड़ेगू का कहर भी जारी है। 6 नये मरीज और सामने आने से हड़कंप मचा हुआ है। बदलते मौसम की वजह से वायरल फीवर भी पांव पसार चुका है। लगातार बारिश के बाद बीमारियों से हर घर में लोग बीमार पड़ रहे हैं। मौसम में बदलाव के कारण सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार यानि वायरल फीवर जैसी बीमारी हो रही है।

### 4 से 6 दिन में दवा लेने पर हो जाता है ठीक

वायरल बुखार होने पर यह 4 से 6 दिन में दवा लेने पर ठीक हो जाता है, लेकिन इन दिनों कोरोना महामारी के कारण वायरल फीवर होने पर भी लोग डरे हैं। वायरल बुखार के लक्षण दिखाई देने पर अधिकांश लोग इसे कोरोना समझने लगे हैं।क्योंकि कोरोना वायरस के भी लक्षण वायरल बुखार से मिलते हैं। सरकारी व निजी अस्पताल में वायरल फीवर के मरीज लगातार इलाज के लिए आ रहे हैं। मेडिसिन ओपीडी में इनकी संख्या काफी बढ़ी है। वहीं चिकित्सकों की क्लिनिकों में भी भीड़ देख जा रही है। चाहे मेडीकल हो या विक्टोरिया यहां की मेडिसिन ओपीडी में वायरल फीवर रोगियों की कतारें लगी हैं। डाक्टरों का कहना हैं कि कहा -बारिश से मच्छरों की तादाद में इजाफा होने का खतरा बढ़ा है। मच्छरों पर वार अभियान शुरू कराया गया है। मलेरिया विभाग के साथ नगर निगम का अमला भी दवाओं व एंटीलार्वा का छिड़काव कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया और डेंगू-मलेरिया से जूझ रहे मरीजों की जांच व इलाज की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट कर दिया गया है।





## || लोगों में डर, कहीं कोरोना तो नहीं ||

### इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है वायरल

चिकित्सकों का कहना है कि दरअसल मौसम के बदलने और तापमान में आने वाले बदलाव के कारण शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे बुखार के बैक्टीरिया आसानी से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं. वायरल का फीवर हमारे इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है, जिसकी वजह से शरीर में इंफेक्शन बहुत तेजी से बढ़ता है. वायरल के संक्रमण बहुत तेजी से एक इंसान से दूसरे इंसान तक पहुंच जाता है।

### इससे डरने की जरूरत नहीं

वायरल होने से वाले शरीर में कुछ इस तरह के लक्षण दिखते हैं जैसे, गले में दर्द, खांसी, सिर दर्द थकान, जोड़ों में दर्द के साथ ही उल्टी और दस्त होना, आंखों का लाल होना और माथे का बहुत तेज गर्म होना आदि. बड़ों के साथ यह वायरल फीवर बच्चों में भी तेजी से फैलता है।

### बच्चों और बुजुर्गों को खास सावधानी की जरूरत

अभी के मौसम में बच्चों-बुजुर्गों को खास सावधानी बरतने की जरूरत है। डायबिटीज, दिल और ब्लड प्रेशर समेत दूसरी बीमारी से जूझ रहे मरीज संजीदा रहे हैं। सांस के मरीजों की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मौसमी बीमारियों से पीड़ितों के अस्पताल पहुंचने से कोरोना संक्रमण के प्रसार की आशंका बढ़ी है।

### डेंगू के डंक का कहर

शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में डेंगू के डंक का कहर जारी है। बीते चौबीस घंटे में ही 6 केस सामने आए हैं। रांझी क्षेत्र के अलावा भी अब शहर के माढ़ोताल, आईएसबीटी, मिलौनीगंज, दमोहनाका, लालमाटी जैसे क्षेत्रों में भी डेंगू रोगी मिल रहे हैं। डेंगू से प्रभावित होने वालों में सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की है। सरकारी रिकॉर्ड में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 90 से ऊपर पहुँच गई है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि लार्वा विनष्टीकरण और सर्वे के लिए मलेरिया विभाग की विभिन्न टीमें सक्रिय हैं।स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज मरीजों में 1 से 10 वर्ष की उम्र के 9 मरीज, जबकि 10 से 20 वर्ष की उम्र तक के 35 के करीब मरीज हैं। वहीं शेष मरीज 20 से अधिक उम्र के हैं।बुधवार को मिले 6 नए मरीजों में से 4 कम उम्र के बच्चे हैं। इनमें से एक ही परिवार के दो बच्चे हैं, जबकि दो अलग-अलग स्थानों से हैं। नए मरीजों में 3 दमोहनाका, 2 लालमाटी और 1 रांझी क्षेत्र से है।विशेषज्ञों के अनुसार बुखार आने पर डॉक्टर के परामर्श के बाद ही इलाज लेना चाहिए। डेंगू में शरीर के प्लेटलेट्स कम होने लगते हैं। उपचार में देरी जानलेवा स्थितियाँ बना सकती हैं। इसलिए डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों को पनपने से रोकना चाहिए। **फोटो- अशोक बर्मन**

सर्दी-जुकाम, बुखार और गले में खराश जैसी परेशानी बढ़ रही है, ये लक्षण परेशानी व उलझन पैदा करते है। पर इससे डरने की जरूरत नहीं है,समय पर जांच व इलाज से मरीज ठीक हो रहे है। इस समय शहर में डेंगू फेल रहा है अगर पूरे शहरमें फागिंग करा दी जाए तो काफी हद तक मच्छर मर जाएंगे और डेंगू से छुटकारा भी मिल जाएगा। अभी वायरल फीवर के मरीज ज्यादा आ रहे है ऐसे में चिकित्सक से परामर्श लेकर समुचित इलाज कराने से लाभ मिलता है।

**डॉ. शैलेन्द्र सिंह राजपूत, विशेषज्ञ चिकित्सक मेट्रो हास्पिटल**



# अचानक बढ़ा अधिकतम तापमान 31 के पार

**जबलपुर, कटनी, समेत 6 जिलों में सामान्य से कम बारिश**

**जबलपुर,यशभारत।** बुधवार को अचानक अधिकतम तापमान 31 के पार कर गया है। जबकि एक दिन पहले तक यह 27.7 डिग्री था। जबकि न्यूनतम तापमान 24.2 था। मौसम विभाग वैज्ञानिक वीजू जैकब के अनुसार सिस्टम नहीं होने से मौसम में बदलाव आया है। यह स्थिति दो तीन दिन तक रहेगी। तब तक दिन के साथ रात का तापमान बढ़ने के आसार हैं। उन्होंने बताया कि जबलपुर, कटनी, सिवनी,पन्ना,बालाघाट दमोह जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। एक जून से आज के दिन तक 426.6 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई। जबकि गत वर्ष आज के दिन 103 मिलीमीटर और आज के दिन तक कुल 516.3 मिलीमीटर बारिश हुईथी। आर्द्रता सुबह 83 फीसदी रही। हवा की रफ्तार सुबह 4 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। ट्रफलाईन उत्तर में चले जाने से मानसून की गतिविधियां कम हो गई है।



**जबलपुर हवाई अड्डे के टर्मिनल को लेकर राज्यसभा में सांसद विवेक तन्खा ने दागे सवाल**

# टर्मिनल का काम कब तक पूरा होगा?

**जबलपुर, यशभारत। राज्यसभा में सांसद विवेक तन्खा ने जबलपुर हवाई अड्डे टर्मिनल के कामों को लेकर नागर विमानन मंत्री से सवाल-जवाब किया है। सांसद विवेक तन्खा ने पूछा है कि जबलपुर हवाई अड्डे टर्मिनल का काम कब तक पूरा हो जाएगा, इसकी समय अवधि कितनी है।**

सांसद विवेक तन्खा ने पूछा है कि जबलपुर में बनाए जाने वाले मिनी एयर टर्मिनल भवन के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है और इसमें कितना उपयोग हुआ है। हवाई जहाजों की पार्किंग के लिए एप्रन सहित टर्मिनल और हवाई अड्डे का विस्तार कार्य पूरा होने की समय सीमा क्या है। सासंद विवेक तन्खा ने नागर विमानन मंत्री से पूछा है कि क्या जबलपुर को पुणे, चेन्नई, हैदराबाद, इंदौर, ग्वालियर, और भुवनेश्वर सहित अन्य शहरों को जोड़ने का प्रस्ताव है।

### सांसद के सवालों पर मंत्री का जवाब

नागर विमानन राज्य मंत्री विजय कुमार सिंह ने सांसद विवेक तन्खा के सवालों पर जवाब देते हुए कहा कि जबलपुर हवाई अडडे पर नए टर्मिनल भवन, एटीसी टावर कम टेक्नीकल ब्लाक, फायर स्टेशन के निर्माण और अन्य संबद्ध कार्यों के लिए 140.49 करोड रूपए की लागत से निमार्ण कार्य अवार्ड किया है। जिसमें 30 जून तक 53.30 करो? का व्यय किया जा चुका है। राज्य सभा में नागर विमानन राराज्य मंत्री ने बताया कि परियोजना की पूर्णता की प्रत्याशित तारीख दिसंबर 2022 है। इसके अतिरिक्त एएआई द्वारा रनवे के विस्तार नए एप्रन टैक्सी ट्रेक और आईसोलेशन वे के निर्माण का कार्य 143.05 करोड़ रूपए की लागत से अवार्ड किया गया है जिसकी पीडीसी दिसंबर 2021 है। राज्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान में जबलपुर हवाई अडडा, दिल्ली, मुंबई, सूरत, बिलासपुर, पुणे, बेंगलुरू और हैदराबाद से जुड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त जबलपुर, हवाई अडडे को इंदौर से जोड़ने वाली उड़ानों के अतिरिक्त यहां से दिल्ली मुंबई और हैदराबाद के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू किया जाना प्रस्तावित हुआ है।

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ सजग

***जबलपुर यश भारत।** रेलवे परिक्षेत्र में अब नन्हे-मुन्ने बच्चों की खोज खबर लेने के लिए रेल सुरक्षा बल लें अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत जबलपुर सहित मंडल के सभी स्टेशनों पर आरपीएफ की टीम तथा चाइल्डलाइन की टीम द्वारा लोगों में जागरूकता फैलाकर स्टेशन के आसपास देखने वाले नन्हे-मुन्ने बालक बालिकाओं को ढूंढकर चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया जा रहा है।



इस संबंध में आरपीएफ के कमांडेंट अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस अभियान में आरपीएफ की सब इंस्पेक्टर सुरभि ठाकुर, शिवराम शर्मा, केश बली, मनीष प्यासी तथा चाइल्डलाइन के चंदन सिंह, पुष्पेंद्र अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह के साथ ही शासकीय रेल पुलिस के जवानों ने कटनी में अभियान चलाकर आने-जाने वाली गाड़ियों व स्टेशन के यात्रियों को उक्त जागरूकता अभियान के संबंध मे समझाईस देकर बताया कि यात्रा के दौरान, कोई बच्चा बीमार और अकेला हो, किसी बच्चे को आश्रय की जरूरत हो, कोई बच्चा छो? दिया गया हो या गुम हो गया हो, किसी बच्चे का शोषण हो रहा हो या पिट रहा हो या अन्य किसी प्रकार ग्रसित हो तो इस प्रकार के बच्चों की जानकारी आरपीएफ व किसी भी चाईल्ड लाईन के हेल्प लाईन नं. 1098 पर भी सूचित किया जाये। जिससे उक्त बच्चे का रेस्क्यू किया जा सकें।

# रोजगार मेला

**9 कंपनियां 517 आवेदक पहुंचे 258 को मिली नौकरी**

**जबलपुर, यशभारत।** दो दिवसीय रोजगार मिले का शुभारंभ आज कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की उपस्थिति में हुआ। रोजगार मेले में 9 कंपनियां पहुंची जिसमें 517 युवक-युवती ने आवेदन किया। रोजगार मेले में 258 आवेदकों को नौकरी के लिए ज्वाइनिंग लेटर मिला। नौकरी मिलने के बाद युवाओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रोजगार मेला आज सुबह 11 से 4 बजे तक आयोजित हुआ। गुरूवार कल भी मेला आयोजित होगा। इस दौरान रोजगार मेले पहुंचे युवाओं का कहना था कि रोजगार मिलने का सबसे अच्छा साधन नहीं हो सकता है। इस तरह के मेले से नौकरी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।बताया जा रहा है कि रोजगार मेला में कंपनी नवकिसान बॉयो टैक्नो लिमिटेड-25, दा हायर वायर-131, भारतीय जीवन बीमा निगम-20, यशस्वी ग्रुप-30,भारत पे-37, श्री नर्मदा टेक्टर-15 कुल 258 को नौकरी के लिए ज्वाइनिंग लेटर प्राप्त हुआ।



# क्रोध, माया, लोभ और मोह यह गांठें निकालना बहुत कठिन : आचार्य श्री

जबलपुर। आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने कहा दयोदय तीर्थ में कहा कि आप लोगों ने कई बार अनुभव किया होगा कि सुलभ समझकर की गई उपेक्षा को हम सुलझा लेंगे या मन की गांठ को खोल लेंगे , कई बार गांठ और घनिष्ठ हो जाती है , रस्सी की गांठ कुशलता से खुल जाती है जूट की गांठ विशेष प्रशिक्षण से निकाल सकते हैं कुछ गाँठ रसायन के माध्यम से खुलती है लेकिन यदि मानव बाल में गांठ पड़ जाए तो इतनी सूक्ष्म होती है कि उसे खोलने के लिए सूक्ष्म से सूक्ष्म वस्तुएं भी काम नहीं आती, इस गांठ को खोलने के लिए प्रशिक्षण, खर्चे, उपकरण और समय लग सकता है। हमारे आचार्यो ने चार प्रकार के कषाय बताएं जो गांठ की ही भांति ही है क्रोध , माया, मोह और लोभ यह गांठे निकालना बहुत कठिन है। अभी कुछ लोग इन चारों गांठों को खोलने तैयार हो गए हैं और शादी के समय पंडित ने जो गांठ लगाई वह भी खोल कर मुक्ति के मार्ग पर चलने की तैयारी कर रहे हैं। यदि आपने पहली गांठ निकाल दी तो आगे की गांठ निकालने में सरलता होगी। मनुष्य अवस्था में जो व्यक्ति जीवन के बंधन को समाप्त करते हुए आगे बढ़ते हैं वे सभी गांठों को छुड़ा लेते हैं ।भरत चक्रवर्ती होते हुए भी जब बाहुबली से हारे तो उन्हें भी मन में टीस हुई , गांठ लग गई, चक्रवर्ती होकर भी मैं बाहुबली से हार गया । जब भरत जी को वैराग हुआ तब अनंत काल के कषाय थे जो टीस, थी जो बंधन थे, जो काटे थे वह समाप्त हुई ।गृहस्थ अवस्था में भी काम, क्रोध, लोभ, मोह कि चारों गांठो को निकाल कर मोक्ष मार्ग पर चलने का अभ्यास प्रारंभ करना चाहिए, अंतिम क्षण में ही इसका मूल्य मिलता है अन्यथा अंतिम क्षणों में भी गांठे लगी होती हैं , तब मुक्ति नहीं होती आप घर में रहते हुए भी सच्चरित्र ,संयम धारण कर सल्लेखना के मार्ग पर चल सकते हैं।



**कलेक्ट्रेट में भावुक हुई वृद्धा**

# कलेक्टर से कहा थैंक्यू सर,आपने पेंशन शुरू करा दी

**जबलपुर, यशभारत।** बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंची वृद्धा कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के सामने भावुक हो गई। वृद्धा ने कलेक्टर से कहा थैंक्यू आपके कारण पारिवारिक पेंशन शुरू हो पाई। कई माह से इस पेंशन के लिए भटक रही थी।जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर एक वृद्ध महिला ममता जैन अपने पुत्र के साथ कलेक्टेट पहुॅची और कलेक्टर साहब के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि सेन्ट्रल गवर्मेट से मिलने वाली पारिवारिक पेंशन जो 10 माह से बन्द थी वह साहब ने चालू करवा दिया है आज मुझें 9 माह की पेशन 1,20,000 रुपए की राशि भारतीय स्टेट बैंक कि शाखा जवाहर गंज से प्राप्त हो गई है।



### ये है प्रकरण

व्हीकल फैक्ट्री से रिटायर जिनेन्द कुमार जैन आनंद कॉलोनी उखरी रोड निवासी की आकस्मिक मौत 16.04.2020 को हो गई थी शासन के नियमानुसार पति कि मृत्यु के उपरान्त पत्नि को पारिवारिक पेंशन मिलती है किन्तु विभाग और बैंक ने नवम्बर 2020 से पारिवारिक पेंशन बंद कर दी गई जिसके कारण परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यन्त ही दयनीय हो गई। दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ की केयर बाय कलेक्टर के व्हाट्सएप नंबर 7587970500 पर समस्याओं का निराकरण होता है। तो महिला ने केयर बाय कलेक्टर से अपनी समस्या लिख कर भेजी जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुये कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने फै क्ट्री प्रबंधक एवं बैंक मैनेजर से बात करके महिला की पेंशन चालू करवाई गई एवं लंबित पेंशन 1,20,000 रुपए की राशि का भुगतान कराया गया। राशि मिलने के उपरांत श्रीमती ममता जैन ने कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया है।



# सेवा से बदले जीवन को पूरा करते हुए पौधारोपण

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा रोटरी के सिद्धांत सेवा से बदले जीवन को पूरा करते हुए ,पौधारोपण का कार्यक्रम तमरहाई स्कूल गोविंदगंज परिसर में किया गया ।जिसमें आज 21 विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया गया । सर्वप्रथम क्लब सदस्यों द्वारा पौधारोपण पर बनाया गया गीत गाकर, नवीन सदस्य मनीष दिवाकर जी ,प्रवीण सोनी ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में पौधा रोपण किया । क्लब अध्यक्ष रोटे. अनुराग जैन गढ़ावाल ने उपस्थित समस्त सदस्यों के बीच में रोटरी सिद्धांतो से सदस्यों को परिचित कराया है जिनमे उनमें वृक्षारोपण भी एक कार्य हैं गोविंद स्कूल प्राचार्य अमरीश पांडे जी ने पौधरोपण की उपयोगिता पर अपने विचार रखे, । आज के कार्यक्रम में परिवार सहित उपस्थित हुए रोटे. संतोष नीता अग्रवाल एवं रोटे. प्रवीण आदित्य सोनी जी को सराहना पत्र देकर सम्मानित किया गया,। रोटरी सदस्य मनीष दिवाकर एवं प्रवीण सोनी को जन्मदिन गिफ्ट देकर सम्मानित किया ।आज के कार्यक्रम में ट्री गार्ड रोटे. अंशुल बजाज, एवं रोटे. पू. अ. पीयूष जैन जी ने उठाया पौधे / स्वल्पाहार रोटे. अशोक परयानी के द्वारा कराया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटे.संतोष अग्रवाल जी ,रोट ।अशोक परयानी रोटे. आशीष गुप्ता ,रोटे . शैलेश जैन रोटे . प्रवीण सोनी रोटे. अजय चौधरी ,रोटे हरनारायण राजपूत रोटे राकेश गीदरोनिय शाला परिवार से शिक्षक सुनील जैन , ी सुरेंद्र जैन , प्रकाश जैन जी ,का विशेष सहयोग रहा ।

# महाकौशल खेल रत्न सम्मान 2021 आवेदन14 तक

**जबलपुर।** महाकोशल खेल रत्न सम्मान हेतु अंतरराष्ट्रीय एवं सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों से संघ के सचिव की अनुशंसा पत्र व स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों की प्रति व आवेदन पत्र 14 अगस्त 2021 तक सिविक सेंटर स्थित नायडू व्यामशाला में प्रशिक्षक व महाकौशल क्रीड़ा परिषद के मीडिया प्रभारी शकील अनवर के पास प्रस्तुत किया जा सकता है।

**मोक्ष ने लगाया वैक्सीनेशन कैंप**

# सेवा कार्य , जीवन के साथ भी जीवन के बाद भी

**जबलपुर। परोपकारी संस्था मोक्ष व रेडक्रॉस जबलपुर के सम्मिलित प्रयास से प्रशासन के द्वारा कोवैक्सीन के कैंप लगाए जा रहे हैं जिसमें प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाए गए.।**

खबर लिखे जाने तक 200 पार हो चुके है। सैकड़ों लोग रजिस्ट्रेशन ना हो पाने पर परेशान हैं। आपको विदित हो मोक्ष के प्रयास से सबसे ज्यादा नंबर में वैक्सीनेशन कराया गया । प्रथम दिन से ही सेवा के प्रयास लगातार जारी हैं। आज सैंट अगस्टाइन स्कूल तिलवारा रोड मैं कैंप लगाया गया 14 अगस्त पिसंहारी मडिया मेडिकल सर्वेंट क्कार्टर दादा सोमनाथ सिंह उद्यान में लगाया जाएगा । 18 अगस्त धनवंतरी नगर चौराहा मोक्ष कार्यालय के सामने लगाया जाएगा। मोक्ष के विविध सेवा कार्य जारी है जो जीवन के साथ भी जीवन के बाद भी चलता रहेगा। जिला टीका करण अधिकारी डॉक्टर एस एस दहिया, डॉक्टर रंजीता के साथ मोक्ष के आशीष ठाकुर रेड क्रॉस के आशीष दीक्षित ने कार्यक्रम को सफल बनाने सबको धन्यवाद दिया ।टीम में संजय ठाकुर विपिन शर्मा अनुराग बाजपाई अनु शर्मा राहुल सेन शामिल रहे।



**लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें**

# अधिकारियों को कलेक्टर के निर्देश

**जबलपुर।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने बुधवार को अपनी शिकायतों और समस्याओं के निराकरण की उम्मीद लिये कलेक्ट्रेट पहुँचे आम लोगों से भेंट की । श्री शर्मा ने इन सभी लोगों से एक-एक कर बात की तथा उनकी समस्याओं को सुना ।उन्होंने इन लोगों से आवेदन भी प्राप्त किये तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये । कलेक्टर से मिलने पहुँचे ज्यादातर लोगों की शिकायतें जमीन पर अवैध कब्जा करने, पारिवारिक विवाद, मकान खाली कराने और स्कूल फीस से सबंधित थीं । उपचार हेतु आर्थिक मदद उपलब्ध कराने के आवेदन भी इस मौके पर कलेक्टर को दिये गये ।

# 2018 में मरे व्यक्ति को 100 साल पहले मार दिया

## सहायता राशि के फार्म में हुई गलती को ठीक कराने मृतक की पत्नी एक साल से दर-दर भटक रही है



**जबलपुर, यशभारत।** प्रदेश सरकार और जिले के प्रशासनिक अमले के आला अधिकारी लोगों को सुविधा और योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रयास करें परंतु निचले स्तर के अधिकारी इनके प्रयासों में पलीता लगा रहे हैं। ताजा मामला चण्डालभाटा दीनदयाल में रहने वाली एक विधवा महिला से जुड़ा है। दरअसल मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना में महिला के पति की मौत की तारीख गलत अंकित होने पर उसे योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इसके लिए पीड़ित महिला एक साल से नगर निगम कार्यालयों के चक्कर काट रही है। पति की मौत के बाद तीन बच्चों का पालन-पोषण करना महिला के लिए मुसीबत भरा साबित हो रहा है।

चण्डालभाटा दीनदयाल में रहने वाली आरती चौधरी ने बताया कि बीमारी के चलते पति अजय चौधरी की मौत 16-11-2018 को हो गई थी। पति की मौत पर उसने मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना सहायता राशि का फार्म दमोहनाका नगर निगम जोन क्रमांक-6 से भरा था। जिसमें पति की मृत्यु साल 1900 दर्ज कर दी गई, इस वजह से उसे मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



### पति के बाद अकेली हो गई, अंत्येष्टि भी उधार के पैसों से की

पीड़ित विधवा महिला आरती चौधरी ने बताया कि पति के जाने के बाद वह अकेली हो गई। उस पर तीन बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी है, पति का अंत्येष्टि कार्यक्रम भी उधार के पैसों से हुआ है। मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना सहायता राशि के इसलिए आवेदन किया था कि इन पैसों से वह छोटा रोजगार और अंत्येष्टि कार्यक्रम के लिए लोगों से जो पैसा उधार लिया उसको चुका पाती। परंतु नगर निगम जोन क्रमांक-6 के अधिकारियों की लापरवाही के कारण उसे एक साल इस योजनाा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सहायता राशि के फार्म में हुई गलती को लेकर पीड़ित महिला नगर निगम कार्यालयों के चक्कर काटकर थक गई है। महिला को भोपाल से फार्म में सुधार होने का हवाला देकर भगा दिया जाता है। पीड़ित महिला का कहना है कि सहायता राशि फार्म में हुई गलती को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित निगम के तमाम बड़े अधिकारियों को आवेदन दे चुकी है पर कहीं से मदद नहीं मिली है।

## तैयार की कार्ययोजना, जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

# बाल भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनेगा जबलपुर

**जबलपुर। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने जबलपुर को बाल भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश बुधवार को जिला बाल संरक्षण समिति की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई बैठक में दिये हैं। बैठक में जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की प्रधान श्रीमती मनोरमा पटेल एवं जिला पंचायत की सीईओ रिजु बाफना भी मौजूद थीं।।**



श्री शर्मा ने बैठक में कहा कि जबलपुर शहर को बाल भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने जल्दी ही प्रशासन द्वारा समाजसेवीसंस्थाओं के सहयोग से अभियान चलाया जायेगा। लेकिन इसके पहले भिक्षावृत्ति में लिप्त एवं नशे के आदि बच्चों और उनके परिवारजनों को चिन्हित किया जाना जरूरी है। उन्होंने नगर निगम, महिला एवं बाल विकास, श्रम एवं सामाजिक न्याय विभाग को ऐसे बच्चों एवं उनके परिवारजनों को चिन्हित करने के निर्देश देते हुए कहा कि भिक्षावृत्ति एवं नशे की लत के शिकार बच्चों के पुनर्वास के लिए कार्ययोजना बनाने में स्वयंसेवी संस्थाओं से भी सुझाव प्राप्त किये जायें। श्री शर्मा ने अधिकारियों को कार्ययोजना बन जाने पर उसे जिला पंचायत की सीईयो के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिला पंचायत की सीईओ से इस बारे में संबंधित विभाग के अधिकारियों से शीघ्र ही अलग से बैठक बुलाने कहा।श्रीशर्मानेकहाकिबालभिक्षावृत्तिरोकने समाजसेवीसंगठनअपनेसुझावसंयुक्तसंचालकसामाजिकन्यायविभागके ई-मेलएड्रेस pswjab@mp.nic.inपरभेजसकतेहैं। कलेक्टर ने बैठक में बाल कल्याण एवं देखरेख के क्षेत्र में कार्य कर रहीं संस्थाओं में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सक की नियमित सेवायें उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। उन्होंने जिला अस्पताल एवं अन्य सभी चिकित्सालयों में पालना केन्द्र खोले जाने पर भी जोर दिया। श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना की प्रगति की समीक्षा भी की तथा सभी पात्र बच्चों को इस योजना के लाभांवित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कोरोना के कारण माता-पिता के निधन से अनाथ हुए बच्चों के लिए केन्द्र शासन द्वारा प्रारंभ की गई पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन स्कीम के तहत पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार कर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिये।

बैठक में जिला पंचायत की सीईओ ने कोरोना की वजह से अनाथ हुए बच्चों की सहायता के लिए केन्द्र शासन द्वारा प्रारंभ की गई पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन स्कीम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना में ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता अथवा अभिभावक की मृत्यु 11 मार्च 2020 के बाद कोरोना के कारण हो गई है उन्हें 23 वर्ष की उम्र में दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया गया है। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय समिति जबलपुर में सदस्य तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।




# सावन हरियाली महोत्सव पर विविध प्रतियोगिताएं

## रैंप वॉक, बेस्ट थीम ड्रेस, आई लव रोटरी

**जबलपुर।** सेलिब्रेटीगं वुमन इन रोटरी के तहत रोटरी क्लब जबलपुर द्वारा सावन हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में महिलाओं के लिए रहे हैं रैंप वाक, बेस्ट थीम ड्रेस, आई लव रोटरी जबलपुर जैसी अनेक प्रतियोगिताएं रखी गई। रोटरी क्लब जबलपुर, इनर वील, अन्य रोटरी क्लब से 130 महिलाओं की भागीदारी ली। अध्यक्ष मनु शरत तिवारी ने कहा किसी भी समाज की उन्नति का मापदंड वहाँ महिला कितनी स्वतंत्र व सशक्त है इस बात पर निर्भर करता है समाज का सबसे बड़ा हिस्सा घरेलू जी श्रमजीवी महिला है जो विभिन्न प्रकार के घरेलू या सामाजिक हिंसा का शिकार होती है। रोटरी क्लब जबलपुर द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य साक्षरता व स्वच्छता के लिए अनेक कार्यक्रम चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है उसमें सभी का सामूहिक प्रयासों हो जिससे परिवर्तन दरवाज़े पर दस्तक दे अध्यक्ष ने अपील की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि में भावना तिवारी, रितु कुमार, नीलामबरी फाटकजेस सोनल अमीन, अर्चना भटनागर, शिखा श्रीवास्तव आदि मोजूद रहीं। सावन क्वीन प्रतिभा उपाध्याय बेस्ट ड्रैस सिद्धी तिवारी सावन क्वीन सीनियर डॉक्टर प्रज्ञा धीरावानी, गीता शरत तिवारीकार्यक्रम में रचना त्रिवेदी, डॉक्टर मधुलिका बाजपेयी, पूनम शर्मा, डॉक्टर रीना अग्रवाल, रिचा त्रिपाठी, अर्चना मिश्रा, श्रीला मुखर्जी का विशेष योगदान रहा।

# एमपीएसयू ने मेडिकल कुलपति के खिलाफ खोला मोर्चा



**जबलपुर।** लगातार मेडिकल यूनिर्वसिटी में तमाम अनियमिततायें एवं भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है जिसको लेकर एमपी स्टूडेन्ट यूनियन के द्वारा ज्ञापन प्रदर्शन किया गया। कुलपति की गैर मौजूदगी में रजिस्टार द्वारा छात्रों की उनसे फोन पर बात कराई गई एवं कुलपति द्वारा समस्या का निवारण हेतु आश्वासन दिया गया जिसके बाद छात्रों ने रजिस्टार को ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा एवं परिणाम में बड़ी धांधली की जा रही है। प्रवेश प्रक्रिया में हाईकोर्ट के आदेश की आव्हेलना की जा रही है। विश्वविद्यालय की गाईड लाईन के अनुसार बीपीटी के छात्राओं के परीक्षा का आयोजन नहीं किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की गाईड लाईन के अनुसार 45 दिन के अंदर परीक्षा परिणाम घोषित किये जाना चाहिए। जिसका उल्लंघन करते हुए परीक्षा परिणाम घोषित करने में 8 माह की देरी बरती जा रही है। यह कि पूव्र मूल्यांकन के नाम पर ज्यादा शुल्क लिया जा रहा है एवं विद्यार्थी के पास होने पर शुल्क को वापिस भी नहीं किया जा रहा है। आज के ज्ञापन में छात्र नेता जय सिंह राजपूत, ईशु सिंह, आकाश खरे, जतिन कनौजिया, नमन केशरवानी, लक्ष्य पचौरी, आयुष ठाकुर, शारांश ठाकुर, प्रेम चौकसे, हितेश पटेल, प्रियांश ठाकुर, अनमोल दुबे, रितीक आसाठी, देवांश शर्मा, महेन्द्र लोधी, अथव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

आत्मनिर्भरता मे स्वदेशी तकनीक की भूमिका

# ओ एफ के वेवीनार मे ग्राहक सहयोगी उद्योगों से चर्चा



**जबलपुर यशभारत।** देश की स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के अवसर पर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर भारतवर्ष की कड़ी में आयुध निर्माणी खमरिया मेंज्पूर्ण स्वदेशी तकनीक से निर्मित उत्पादों एवं उनकी सफलताओं की कहानीज्ञ विषय पर एक वेबीनार का आयोजन आयुध निर्माणी बोर्ड के निर्देशानुसार संपन्न हुआ।जो निर्माणी के महाप्रबंधक रवि कांत के मुख्यातिथ्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें देश में स्थित विभिन्न आयुध निर्माणियों, सहयोगी संस्थानों, एवं विभिन्न इंडेंटर्स के साथ निर्माणी के कार्य प्रबंधक राहुल कुमार बेहरा एवं उत्पादन अनुभाग? के अधिकारियों द्वारा तकनीकी एवं गुणवत्ता संबंधित जानकारी साझा की ।इस अवसर पर संयुक्त महाप्रबंधक वाई.के.सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे!

# शहपुरा में रोजगार मेला 16 को

जबलपुर, । बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से जिले के छह जनपद पंचायतों में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इसके लिए जनपद पंचायतवार तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। जिले का पहला रोजगार मेला 16 अगस्त को शहपुरा में आयोजित होगा। जिला पंचायत कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत मझौली में रोजगार मेला 17 अगस्त को, सिहोरा में 18 अगस्त को, कुंडम में 19 अगस्त को, जबलपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सालीवाड़ा गौर में 20 अगस्त को तथा पनागर में यह रोजगार मेला 21 अगस्त को आयोजित होगा।

## कई वर्ग के लोगों को मिलेगी राहत

# कल से मेमू ट्रेन चलने की संभावना सांसद दिखायेगे हरी झंडी

***जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल से मेमू ट्रेन को शुरू करने का रेलवे मंडल ने पुन: प्रयास किया है जिसके तहत संभावना व्यक्त की गई है कि कल शुक्रवार को यह मेमू ट्रेन सतना से प्रारंभ होंगी इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सतना में स्थानीय सांसद गणेश सिंह द्वारा एक कार्यक्रम में सतना से कटनी एवं सतना से मानिकपुर मेमू ट्रेन का उद्घाटन किया जाएगा इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी वर्चुअल रूप से समारोह में जुड़ेंगे इसी तरह कटनी में भी और माध्यम से मुख्यमंत्री के साथ ही स्थानीय सांसद बीडी शर्मा द्वारा भी कटनी से बीना मेमू ट्रेन का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा इसके अतिरिक्त संभावना है कि जबलपुर में भी स्थानीय सांसद राकेश सिंह द्वारा यहां भी मेमो को हरी झंडी दिखाकर जबलपुर से इटारसी की ओर रवाना किया जाएगा। इस ट्रेन के चलने से जिले के छोटे व्यापारियों एवं प्रतिदिन यात्रा करने वाले ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी काफी लाभ मिलेगा।



खासकर बसों के महंगे टिकट से भी बड़ी राहत मिलेगी। छोटे-छोटे स्टेशनों पर रुकने से लोगों को और भी सुविधा मिलेंगी। व्यापारी माल भी आसानी के साथ ला सकेंगे।व्यापारी वर्ग इस ट्रेन के विस्तार किए जाने की मांग लंबे समय से कर रहा था। इससे व्यापारियों का समय भी बचेगा और व्यापार को गति मिलेगी। प्रतिदिन सफर करने वाले यात्रियों ने बताया की मेमू का विस्तार किया जाना समय की मांग है। जो लोग आरक्षण कराकर ट्रेन में नहीं चल सकते थे। वह भी अब आराम से ट्रेन का सफर कर सकेंगे।

## अधारताल में चोरों का नया कारनामा

# अस्टिटेंट मैनेजर के परिवार को कमरे में लॉक कर चोर ले उड़े

**जबलपुर, यशभारत।** थाना अधारताल अंतर्गत शातिर चोरों का नया कारनामा सामने आया है। जिसके चलते दो कमरे के एक घर की रैकी कर चोरों ने पहले कमरे के अंदर सो रहे परिजनों को लॉक कर, दूसरे कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने के आभूषण और नगदी पार कर, रफूचक्कर हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी अनुसार सुधीर बर्मन उम्र 37 वर्ष निवासी सुहागी महाराजपुर ने पुलिस को बताया कि वह नेशनल अस्पताल जबलपुर में अस्टिटेंट मैनेजर के पद पर पदस्थ है। उसके पत्नी मोहल्ला सुहागी में 2 रूम है । देर रात वह खाना खाकर बाजू वाले कमरे में ताला बंद करके दूसरे कमरे में परिवार सहित सो गया था। तभी उसके पड़ौसी राजेन्द्र ने फोन करके बताया कि उसके घर का दरवाजा नहीं खुल रहा है बाहर से बंद है, उसने उठकर देखा कि उसके घर का दरवाजा भी बाहर से बंद था। परिचित को फोन करके अपने घर के बाहर से लगे हुये दरवाजे को खुलवाया और अपने दूसरे कमरे में जाकर देखा तो दूसरे कमरे का ताला टूटा था। अंदर रखी आलमारी का भी ताला टूटा था और आलमारी में रखी सोने की 1 चैन, 1 अंगूठी तथा कमरे के अंदर से एक एचपी कम्पनी का गैस सिलेण्डर , एक ड्रिल मशीन, एक कटर मशीन, टूल्स बैग एवं उसके तथा उसके बच्चों के कपड़े एव नगदी 5,500 रूपये गायब थे । पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# जबलपुर में प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव फहराएंगे झंडा

## स्कूली बच्चे शामिल नहीं होंगे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में

**जबलपुर, यशभारत। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया कि इस बार कोरोना संक्रमण को देखते हुए स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में बच्चे शामिल नहीं होंगे।**



स्कूल का स्टाफ व जनप्रतिनिधि कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इधर सामान्य प्रशासन विभाग ने 15 अगस्त में कौन सा जनप्रतिनिधि कहां शामिल होगा इसकी सूची जारी कर दी है। जबलपुर में प्रभारी मंत्री गोपाल भर्गाव झंडा फहराएंगे तो वहीं भोपाल के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य प्रभारी मंत्रियों के लिए जिले तय किए गए हैं जो वहां जाकर 15 अगस्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। राज्य सरकार ने स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के लिए मंत्रियों को जिले आवंटित कर दिए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके मुताबिक 31 जिलों में मंत्री और शेष 20 जिलों में कलेक्टर मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। मंत्री और कलेक्टर जिलों में ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी लेंगे। प्रदेश के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

### रोजगार मेला में 258 युवा प्रारंभिक रूप से चयनित

# रोजगार मेला का अंतिम दिन आज

जबलपुर,। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बुधवार से आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेला के पहले दिन 517 आवेदकों का पंजीयन किया गया। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता वाले पंजीकृत सभी 517 युवाओं का निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लिया गया। इसमें से योग्य पाये गये 258 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। दो दिवसीय रोजगार मेले के आयोजन का गुरुवार 12 अगस्त को अंतिम दिन है। उपसंचालक रोजगार एमएस मरकाम ने बताया कि बुधवार को साक्षात्कार के उपरांत नवकिसान बायो टेक्नो लिमिटेड के लिए 25 युवाओं को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया। जबकि द हायर वायर कंपनी के लिए 131, भारतीय जीवन बीमा निगम के लिए 20, यशस्वी ग्रुप के लिए 30, भारत पे के लिए 37 और श्री नर्मदा ट्रेक्टर के लिए 15 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।

**आवश्यकता है**

ज्वेलरी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल, कैश काउन्टर के लिए सीनियर सिटीजन, स्टाफ मैनेजमेंट की आवश्यकता है।

**संपर्क**

**श्री हनुमंत छाया ज्वेलर्स गोहलपुर मालगुजार परिसर के पहले**

**मो.9977112211**

**बायोडाटा सहित संपर्क करें**

**JABALPUR ENGINEERING COLLEGE, JABALPUR**

No./PTDC/Adm./2020-21/30 Jabalpur, Date 11/08/2021

**Admission to Four-Year (Eight Semester) B.Tech Degree Part Time Course for serving/self-Employed Diploma Holders**

Applications are invited from Diploma Holders who are in paid and regular employment or self-employed for admission to first year of four year (Eight Semester) B. Tech. Degree Part- Time Course for the session 2020-21. Eligibility (i) The candidate should have passed Diploma Examination from RGPV, Bhopal or from the Board of Technical Education of Madhya Pradesh, Gujarat, Rajasthan, Delhi, Haryana, Orissa, Bihar, Assam, UP, Karnataka, Andhra Pradesh, and Maharashtra securing at least 50 Percent marks. For SC/ST category (48% marks) in aggregate (ii) Eligibility of Admission to a Branch of B.E. Degree Course will be as shown in the table given below.

| S. | Branch in which Diploma Examination passed | Course |
|---|---|---|
| 1 | Mechanical Engineering, Refrigeration and Air Conditioning, Automobile Engineering, Mechatronics Advanced Diploma in Tool and Die Making | B. Tech. (PTDC) Mechanical Engineering |
| 2 | Civil Construction Technology and Management | B. Tech. (PTDC) Civil Engineering |
| 3 | Electrical Engineering | B.Tech. (PTDC) Electrical Engineering |
| 4 | Electronics & Telecommunication Engineering, Industrial Electronics, optical Electronics, Mechatronics | B.Tech. (PTDC) Electronics & Telecommunication Engineering |

(1) Tuition fees Rs. 18000/- and College development fee of Rs. 3000/- per annum. (2) Reservation of SC/St & OBC Candidates of M.P. will be as per M.P. Government. (3) Applications forms are available on payment of Rs. 500/- D.D. in favour of the Principal, Jabalpur Engineering College, Jabalpur latest by 11.08.2021. (4) Application forms can also be downloaded from www.jecjabalpur.ac.in. The downloaded Application form must be submitted along with Rs. 500/- demand draft drawn in favour of Principal, Jabalpur Engineering College, Jabalpur. (5) Last date for submission of the completed application forms in all respects 20.09.2021. (6) During scrutiny, if 50% or more of total seats remains vacant, course will not run by the college. (7) No. objection certificate by employer is essentially required at the time of admission counselling. (8) The Candidate must submit the required fee (Approx. Rs. 25000/-) on the same day of counseling, Which is schedule on 30/09/2021 at 11.00 A.M. for admission and candidate has to be present in person.

**PRINCIPAL**

## कार्यालय कलेक्टर सिवनी, मध्यप्रदेश एवं पदेन उप सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

### अधिसूचना

क्रमांक 3722/भू-अर्जन/2021 सिवनी, दिनांक 20/7/2021

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमिके अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है पेंच व्यपवर्तन परियोजना की नहरों के निर्माण में किसी भी परिवार को विस्थापित नही किया जाना है इसलिए इस प्रकरण में अधिनियम की धारा 19 (2) मे उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। पेंच व्यपवर्तन परियोजना की नहरों के निर्माण में किसी भी परिवार को विस्थापित नहीं किया जाना है, इसलिए इस प्रकरण में अधिनिम की धारा 19 (2) के अंतर्गत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम के सार की आवश्यकता नहीं है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन ओर पुनर्व्यवसीापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 केअंतर्गत इसके द्वारा यह भी घोषित किया जाता है, कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

### अनुसूची

**1 भूमि का वर्णन**

| | | |
|---|---|---|
| क | जिला | सिवनी |
| ख | तहसील | सिवनी |
| ग | ग्राम नगर | ग्राम पटरा ब नं- 316, पहनं - 29 रा नि मं- बंडोल |
| घ | अर्जित किये जाने वाले वाला प्रस्तावित क्षेत्रफल | 4.68 हेक्टेयर एवं प्रस्तावित क्षेत्रफल पर आने वाली संपत्तियां |

### निजी भूमि का रकबा

| क्रमांक | प्रस्तावित खसरा नं. | प्रस्तावित रकबा हे. में | क्रमांक | प्रस्तावित खसरा नं. | प्रस्तावित रकबा हेक्टर में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 203 | 0.06 | 12 | 18 | 0.72 |
| 2 | 33 | 0.12 | 13 | 80 | 0.07 |
| 3 | 34 | 0.06 | 14 | 12 | 0.30 |
| 4 | 35 | 0.25 | 15 | 79 | 0.26 |
| 5 | 36 | 0.10 | 16 | 77 | 0.65 |
| 6 | 30 | 0.42 | 17 | 74 | 0.15 |
| 7 | 29 | 0.07 | 18 | 73 | 0.40 |
| 8 | 28 | 0.08 | 19 | 72 | 0.31 |
| 9 | 27 | 0.08 | 20 | 69 | 0.44 |
| 10 | 26 | 0.08 | **योग** | | **4.68** |
| 11 | 25 | 0.06 | | | |

2 अर्जित की जाने वाली उल्लेखित भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण जिसके लिए भूमि की आवश्यकता है- पेंच व्यपवर्तन परियोजना की डी-4 उपवितरक नहर के निर्माण हेतु।

3 अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू अर्जन अधिकारी सिवनी के न्यायालय में किया जा सकता है।

4 अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन परियोजना नहर संभाग सिगना तहसील चौरई जिला छिंदवाड़ा के कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**डॉ राहुल हरिदास फटिंग**

**कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव**

**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**

जी- 15489/21





## संपादकीय

### कोर्ट की पहल पर चुनाव आयोग हो सख्त

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिये एक आदेश में देश के लोकतंत्र की शुचिता के लिये बड़ा व सख्त कदम उठाया है। अब जागरूक जनता व चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि पाक-साफ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिये सजग-सतर्क रहकर कदम उठाये। कोर्ट ने मंगलवार को पिछले बिहार चुनाव के दौरान दागी उम्मीदवारों के बाबत अपने पिछले निर्देशानुसार जानकारी समय रहते सार्वजनिक न करने पर राजनीतिक दलों पर नकद जुर्माना लगाया। चुनावों के दौरान उम्मीदवारों का आपराधिक इतिहास सार्वजनिक करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन न करने पर भाजपा व कांग्रेस पर एक-एक लाख रुपये तथा एनसीपी व सीपीएम पर पांच-पांच लाख का जुर्माना लगाया गया। न्यायमूर्ति फली नरीमन और न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने विभिन्न दलों पर आदेश न मानने पर दर्ज अवमानना की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। इस बाबत फरवरी, 2020 में कोर्ट ने दलों को यह बताने का निर्देश दिया था कि दागियों को चुनाव में खड़ा करना क्यों जरूरी है। साथ ही दागियों पर दर्ज मुकदमों का विवरण पार्टी वेबसाइट पर डालना जरूरी था। इस कदम को मतदाताओं के जानने के अधिकार को प्रभावी व सार्थक बनाने के लिए जरूरी बताया गया था। अब अदालत ने जरूरी कर दिया है कि दलों की वेबसाइट के होमपेज पर 'आपराधिक इतिहास वाले उम्मीदवार' कैप्शन डाला जाये। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह मतदाता जागरूकता अभियान चलाये। इसके लिये एक मोबाइल एप बनाने को कहा ताकि मतदाता दागी उम्मीदवारों का अतीत अपने मोबाइल पर आसानी से जान सकें। साथ ही एक सेल बनाने को भी कहा जो अदालत के फैसले के क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। सेल के जरिये उल्लंघन की जानकारी कोर्ट को देने को कहा गया है ताकि अवमानना की कार्रवाई हो सके। शीर्ष अदालत ने मतदाता जागरूकता के लिये सोशल मीडिया, वेबसाइटों, टीवी विज्ञापनों, प्राइम टाइम डिबेट, पैम्फलेट व विज्ञापन के जरिये अभियान चलाने को कहा।इसके अतिरिक्त अदालत ने चुनाव आयोग को चार सप्ताह में एक फंड बनाने के भी निर्देश दिये, जिसमें अदालत की अवमानना पर लगने वाले जुर्माने की रकम को डाला जा सके। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि दागी उम्मीदवारों के बारे में सूचना राजनीतिक दल 48 घंटों के भीतर जारी करें, न कि नामांकन दाखिल करने की तारीख से दो सप्ताह पहले। साथ ही चुनाव आयोग से कहा कि न्यायालय के निर्देश का पालन न करने का मामला संज्ञान में लायें ताकि अदालत की अवमानना के तहत कार्रवाई हो सके। निस्संदेह, कोर्ट की पहल एक सार्थक कदम है लेकिन आर्थिक दंड चुकाना साधन संपन्न राजनीतिक दलों के लिये बायें हाथ का खेल है। कोर्ट को आदेशों का उल्लंघन करने पर सख्त दंड का प्रावधान रखना चाहिए। अब नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे कोर्ट व आयोग की पहल पर विवेकशील पहल करें। दरअसल, दागी जनप्रतिनिधि राजनीतिक दलों के लिये परेशानी नहीं अतिरिक्त योग्यता के वाहक बने हुए हैं। यही वजह है कि जहां देश में वर्ष 2004 में 24 फीसदी सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे, वहीं एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार 2019 में इनकी संख्या 43 फीसदी हो गई है। दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल अपने सांसदों व विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले हाईकोर्ट की अनुमति के बगैर वापस नहीं ले सकते। निस्संदेह कोर्ट का यह कदम नैसर्गिक न्याय के अनुसार ही राजनीति व अपराध के अपवित्र गठबंधन को रोकने में सहायक होगा। हाल के दिनों में कई राज्य सरकारों ने अपने सांसदों व विधायकों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिये हैं। निस्संदेह कई मामले पिछले विपक्षी दल की सरकारों द्वारा राजनीतिक दुराग्रह के चलते दर्ज किये गये होंगे, लेकिन वास्तविकता का पता लगाना तो अदालतों का काम है। विषय की गंभीरता को देखते हुए शीर्ष अदालत ने हाईकोर्टों के रजिस्ट्रार जनरल को कहा है कि अपने क्षेत्र के ऐसे मामले वे संबंधित हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के संज्ञान में लायें। निश्चय ही न्यायिक सख्ती व जन दबावों से राजनीति की मैली धारा एक दिन साफ होगी।

# गरीब को न्याय व सम्मान हो लक्ष्य

गरीबी की कोई जाति नहीं होती परंतु देश में जाति पर आधारित जनगणना की मांग लगातार विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा उठाई जा रही है। जातिगत जनगणना की मांग कोई नयी नहीं है। जातिगत जनगणना की मांग विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा 1947 से लगातार की जा रही है। 1951 में तत्कालीन गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने जातिगत जनगणना की मांग एक सिरे से खारिज करते हुए ऐसी जनगणना को सामाजिक सौहार्द के लिए खतरनाक बताया था। क्या आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं? सामाजिक न्याय और पिछड़ों के उत्थान के लिए अनेक अन्य रास्ते सरकारों के पास उपलब्ध हैं फिर जातिगत जनगणना पर इतना जोर आखिर क्यों दिया जा रहा है?

जातिगत जनगणना देश की सामाजिक और राजनीतिक हालात को देखते हुए उचित प्रतीत नहीं होती। जातिगत जनगणना के आंकड़ों से राजनीतिक दल राजनीतिक समीकरण साधने का प्रयास करेंगे, पिछड़ों के विकास और सामाजिक न्याय का उद्देश्य गौण हो जायेगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा केंद्र सरकार को एक पत्र लिखा गया, जिसमें जातिगत जनगणना की मांग की गई है। तेजस्वी यादव ने भी नीतीश कुमार की मांग का समर्थन किया है। समाजवादी पार्टी शुरू से ही जातिगत जनगणना के पक्ष में है।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस की महाआघाड़ी सरकार ने भी जातिगत जनगणना के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा है जिसे महाराष्ट्र के बीजेपी नेताओं का भी समर्थन है। तमिलनाडु सरकार द्वारा भी जातिगत जनगणना कराने के लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। नेशनल कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लास, जो कि एक संवैधानिक संस्था है उसने भी जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। 2018 में केंद्र सरकार ने भी 2021 में होने वाली जनगणना जाति आधारित हो सकती है, इस तरफ इशारा किया था, हालांकि अभी केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में नहीं है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह स्पष्ट किया है कि सरकार 2021 में होने वाली जनगणना में पिछड़े वर्ग की गणना कराने के पक्ष में नहीं है।

भारत में जनगणना आरंभिक रूप से 1872 में शुरू हुई थी परंतु प्रथम पूर्ण जनगणना 1881 में हुई। इसके बाद 1891, 1901, 1911, 1921, 1931 और 1941 में भी जातिगत जनगणना हुई थी। 1941 में द्वितीय विश्व युद्ध होने की वजह से आंकड़ों को पूर्ण रूप से संकलित नहीं किया जा सका। 1931 की जनगणना अंतिम जातिगत जनगणना थी जो भाषा, धर्म और जाति पर आधारित थी। हमारे पास आज जो जातियों और उनकी संख्या (प्रतिशत) के विषय में जानकारी उपलब्ध है उसका आधार 1931 में हुई जनगणना है। 1931 की जनगणना के अनुसार देश में अनुसूचित जाति (एससी) के लोगों की संख्या 15.5 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति (एसटी) 7 प्रतिशत और अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) की संख्या 52 प्रतिशत थी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 1931 के जनगणना के समय पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत के ही हिस्से थे, देश की जनसंख्या 27 करोड़ थी जो आज 140 करोड़ है। मंडल कमीशन ने 1931 की जनगणना को आधार मानते हुए ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने लागू किया। वर्तमान में 1931 के जनगणना के अनुसार ही ओबीसी को 27 प्रतिशत, एससी को 15 प्रतिशत और एसटी को 7.5 प्रतिशत (कुल 49.5 प्रतिशत) आरक्षण दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक किसी भी हाल में आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं दिया जा सकता। ऐसी स्थिति में पिछड़ों की संख्या जानने से क्या हासिल होगा।

देश की आजादी के उपरांत 1951 से लेकर 2011 तक संपन्न हुई कोई भी जनगणना जाति आधारित नहीं थी। 1951 से यह परंपरा बन गई कि जनगणना में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को शामिल किया जाएगा और इनकी संख्या की गणना की जाएगी। एससी और एसटी को छोड़कर किसी और जाति को जनगणना में शामिल नहीं किया जाएगा। 2011 में यूपीए सरकार ने जातिगत जनगणना के लिए अलग से एक सोशियो इकोनामिक एंड कास्ट सेंसस (एसईसीसी) कराने का निर्णय लिया। एसईसीसी में 640 जिलों में आने वाले सभी 24.49 करोड़ घरों को शामिल किया गया और इस पर 4894 करोड़ रुपए खर्च भी हुए। रिपोर्ट 2013 में आ भी गई परंतु आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया गया।ओबीसी आरक्षण का फायदा अभी तक कुछ दर्जन जातियां ही उठा रही हैं, जबकि पिछड़े वर्ग में हजारों जातियां हैं। यदि ओबीसी में आने वाली बड़ी जातियां अपने लिए 27 प्रतिशत आरक्षण के अंदर अपनी संख्या के अनुसार 3 प्रतिशत, 4 प्रतिशत या 5 प्रतिशत आरक्षण की मांग करने लगीं तो उस स्थिति में सरकारों के लिए एक नई मुसीबत खड़ी हो जाएगी। ओबीसी में आने वाली जातियां और उपजातियां हर राज्य में एक समान नहीं हैं।संविधान निर्माताओं ने जाति रहित समाज की परिकल्पना की थी। आज जब जाति को खत्म करने की कोशिश होनी चाहिए उस समय जाति पर आधारित जनगणना के लिए सरकार पर राजनीतिक हित हेतु राजनीतिक दलों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। जातिगत जनगणना से जाति प्रणाली को और मजबूती मिलेगी। सवर्ण सोशल माइनोरिटी में आ जाएंगे। देश में पिछड़े वर्ग से संबंधित लोगों की संख्या काफी बढ़ी है। ओबीसी की संख्या या प्रतिशत पता कर लेने से देश और समाज को क्या फायदा हो जाएगा? यदि ओबीसी की जातिगत जनगणना कराने के बाद संख्या घट गई तो क्या ओबीसी को प्रदत्त आरक्षण के प्रतिशत को कम कर दिया जाएगा या ओबीसी आबादी बढ़ने की दशा में ओबीसी के आरक्षण के प्रतिशत को बढ़ा दिया जाएगा? जातिगत जनगणना से जातिगत राजनीति नहीं बढ़ जाएगी?आज गरीबों की संख्या की गणना किए जाने की आवश्यकता है। देश में कितने गरीब हैं इनकी संख्या का पता लगाने से केंद्र और राज्य सरकारें गरीब वर्ग को न्याय दे पाएंगी। गरीब और गरीबी की कोई जाति नहीं होती है। यदि राजनीतिक दल सच में गरीब वर्ग के लोगों को सामाजिक न्याय दिलाना चाहते हैं तो उन्हें जातिगत जनगणना के बजाय आर्थिक रूप से जो गरीब हैं उनकी संख्या की गणना के लिए सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। देश में गरीबों की गणना होनी चाहिए ताकि उनको न्याय और सम्मान मिल सके।

**विवेक सिंह**

## वैक्सीन पर कितना भरोसा?

जब अमेरिका में यह हाल है, तो अपने यहां क्या होगा, यह समझा जा सकता है। भारत में तो खैर अभी दूसरा डोज ही मुश्किल से साढ़े आठ फीसदी लोगों को लगा है। ऐसे में बूस्टर डोज की अभी चर्चा नहीं है। ये चर्चा हमारे लिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इससे वैक्सीन के असर को लेकर सवाल खड़े होते हैं। कोरोना वैक्सीन के दो डोज पूरे बचाव में सक्षम नहीं हैं, ये बात अब लगभग पूरी दुनिया में मान ली गई है। तो अब चर्चा बूस्टर डोज यानी दो के बाद एक तीसरा डोज लगवाने पर आ टिकी है। लेकिन इस बारे में भी जो भ्रम है, वह लोगों में अब अविश्वास पैदा कर रहा है। कंपनियां सचमुच बूस्टर डोज से लोगों के बचाव की आशा कर रही हैं, या उनका मकसद और टीका बेचना है, ये सवाल उठ खड़ा हुआ है। अमेरिका से आई ये खबर गौरतलब है कि वैक्सीन निर्माता कंपनी मॉडेरना के अंतर्विरोधी बयानों से भ्रम फैल गया है। मॉडेरना ने कहा है कि ठंड का मौसम आने से पहले बूस्टर डोज लगवाने की जरूरत पड़ सकती है।

लेकिन साथ ही उसने यह भी कहा है कि डेल्टा सहित दूसरे वैरिएंट के मामलों में वैक्सीन कितना प्रभावी है, सामने आए आंकड़े इस बारे में चिंता पैदा कर रहे हैं। उसी खबर में बताया गया है कि आम अमेरिकी इस बारे में भ्रम में है। जानकारों ने भी कहा है कि फाइजर और मॉडेरन जैसी कंपनियों का वैक्सीन बेचने में फायदा है। साथ ही उन्होंने अपने बयानों से भ्रम और बढ़ाया है। जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी के वैक्सीन की हालत और भी भ्रामक है। दरअसल, बताया गया है कि अमेरिका में डेल्टा वैरिएंट से बचाव की चिंता सबसे ज्यादा उन लोगों में ही है, जिन्होंने जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी का वैक्सीन लिया। इस वैक्सीन का सिर्फ एक डोज लगता है।

इसके बूस्टर डोज से कितना लाभ होता है, इस बारे में अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। तो कुल मिल कर स्थिति भ्रामक है। और जब अमेरिका में यह हाल है, तो अपने यहां क्या होगा, यह समझा जा सकता है। भारत में तो खैर अभी दूसरा डोज ही मुश्किल से साढ़े आठ फीसदी लोगों को लगा है। ऐसे में बूस्टर डोज की अभी चर्चा नहीं है। ये चर्चा हमारे लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे वैक्सीन के असर को लेकर सवाल खड़े होते हैं। अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा है कि अभी तीसरे डोज की जरूरत सिर्फ 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और अस्पताल कर्मियों को है। लेकिन आखिरकार सबको तीसरा डोज लेना ही होगा। तो भारत में बचाव और महामारी पर काबू को लेकर कितने आश्वस्त हो सकते हैं? जाहिर है, फिलहाल सोशल डिस्टेंसिंग और दूसरी सावधानियां ही अकेला उपाय हैं।

## आप का राशिफल 13 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

## फिल्म वर्ग पहेली- 5525



**बायें से दायें:-**

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, रवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, रवीना टंडन की 'सासूजी थारी लक्ष्य' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शांवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शावा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आफ्ताब, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 5524



Jagrutidaur.com, Bangalore

## धर्म

# इन टोटकों से आती है घर में समृद्धि



हर व्यक्ति सुख, आर्थिक संपन्नता और शांति चाहता है। मगर, इसे हासिल करना इतना भी मुश्किल नहीं है। अगर आप अपने घर में सिर्फ झाड़ू से जुड़ी कुछ बातों का ध्यान रखेंगे, तो न सिर्फ आपके घर की कलह खत्म होगी, बल्कि मां लक्ष्मी का भी वास होगा। झाड़ू का महत्व इससे भी समझा जा सकता है कि रोगों को दूर करने वाली शीतला माता अपने एक हाथ में झाड़ू लिए रहती हैं। अत- झाड़ू का नियमित उपयोग करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना बहुत आवश्यक होता है, सूर्यास्त होने के बाद कभी भी झाड़ू नहीं लगानी चाहिए। माना जाता है कि इससे लक्ष्मी रूठ जाती हैं। वहीं, इसका एक और दर्शन यह भी है कि यदि कोई कीमती वस्तु गिर गई है, तो सूर्यास्त के बाद झाड़ू लगाने से वह दिखेगी नहीं और कचरे के साथ घर से बाहर चली जाएगी। वास्तु शास्त्र के अनुसार जो व्यक्ति झाड़ू को एक ही नियत स्थान पर रखने की बजाय कहीं भी रख देते हैं, उनके घर में धन का आगमन प्रभावित होता है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानियों से गुजरना पड़ता है।

सपने में झाड़ू देखने का मतलब होता है, आपका आर्थिक नुकसान होने वाला है। बहुत ज्यादा समय से उपयोग में नहीं आ रही पुरानी झाड़ू को घर में न रखें। जब भी नई झाड़ू उपयोग में लानी हो तो, शनिवार से उसका उपयोग शुरू करें। हम जिस प्रकार धन को छुपाकर रखते हैं, उसी प्रकार झाड़ू को भी अपने घर में आने-जाने वाले लोगों की नजरों से दूर रखना चाहिए। माना जाता है कि धन की देवी मां लक्ष्मी का वास झाड़ू में ही होता है। इसलिए झाड़ू पर कभी भी पैर नहीं मारना चाहिए। ऐसा होने पर लक्ष्मी रूठ जाती हैं। झाड़ू बुहारने के बाद हमेशा साफ करके रखें। झाड़ू को कभी भी खड़ी करके नहीं रखना चाहिए, ऐसा करने पर घर में कलह होती है। पोंछा लगाने वाले पानी में पांच चम्मच सादा समुद्री नमक मिलाना चाहिए। इससे किसी भी नकारात्मक ऊर्जा को कम किया जा सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6044

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6043 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## विचार प्रवाह



शिक्षा का फल दीक्षा है। विद्या का फल विनय है। स्वाध्याय का फल संत सेवा है। जो संत मुनि के आगमन पर उनके स्वागत में खड़े नहीं होते, उनका विनयपूर्वक वंदन नही करते, उनका अगला जन्म अजगर की योनि में होता है। अजगर की विशेषता होती है कि वह आलसी होता है। वह ना हिलता है ना डुलता है। बस पड़ा रहता है। जो संत मुनियों को देखकर न उठ खरड़ा हो, न झुके तो वह अजगर ही तो हुआ। आलसी अजगरानंद। शास्त्रों का विधान है कि अगर गुरु बैठा है और तुम खड़े हो तो जब तक गुरु बैठने को न कह दे तब तक तुम्हें बैठने का अधिकार नहीं है।

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7116



**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. स्पष्टीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

शब्द पहेली -7115 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# भोपाल में कोचिंग क्लास अनलॉक, 50 फीसद क्षमता के साथ हो सकेगा संचालन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ कोचिंग संचालकों के प्रतिनिधियों की मुलाकात रंग लाई। अब कोचिंग क्लासेस का संचालन दोबारा शुरू होने जा रहा है। इसकी शुरुआत राजधानी भोपाल से हो गई है। राजधानी में अब कोचिंग क्लासेस खुल सकेंगी। हालांकि फिलहाल इन्हें 50त्न क्षमता के साथ ही संचालित करना होगा। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिए हैं। कोचिंग क्लास में सभी के लिए कोरोना गाइडलाइन का पालन करना जरूरी होगा। बगैर मास्क के किसी को भी कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही बैठक व्यवस्था में शारीरिक दूरी का पालन भी सुनिश्चित करना होगा। इसमें किसी तरह की लापरवाही पाए जाने पर कोचिंग संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती । गौरतलब है कि बुधवार को मध्यप्रदेश कोचिंग ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य शासन प्रदेश में कोचिंग क्लास खोलने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा था कि कोचिंग संचालक अपने संस्थानों में कोरोना अनुकूल व्यवहार का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। इस मुलाकात में मध्यप्रदेश कोचिंग ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मी



नारायण बकोरिया ने मुख्यमंत्री को इस बात से भी अवगत कराया गया था कि कोरोना महामारी से जिन विद्यार्थियों के माता-पिता का निधन हो गया है, उनके लिए एसोसिएशन द्वारा कोचिंग और हॉस्टल का निशुल्क प्रबंध किया गया है।

### मंत्रालय से पहले ही जारी हो चुके थे आदेश

प्रदेश में 50 फीसद क्षमता के साथ कोचिंग संस्थान खोले जा सकते है, इस संबंध में 23 जुलाई को ही आदेश जारी हो चुके थे। हालांकि आदेश में यह भी कहा गया था कि जिलाधिकारी की अनुमति से कोचिंग संस?थान खोले जा सकते हैं। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से भी पत्र जारी किया जा चुका है। इस आदेश के पालन करते हुए यह आदेश जारी किया गया है।

### इन नियमों का भी किया जाएगा पालन

कोचिंग आने वाले छात्रों को वैक्सीनेशन का मैसेज भी दिखाना होगा। एक बेंच पर एक ही बच्चे को बैठाया जाएगा। इससे पहले एक बेंच पर तीन बच्चे बैठते थे। शासन के नियम के अनुसार 18 साल के सभी बच्चों को वैक्सीनेशन जरूरी है। 18 से ऊपर के जो बच्चे कोचिंग में आएंगे, उनके लिए वैक्सीनेशन अनिवार्य है। कोचिंग संचालक कोविड नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं, जिसा प्रशासन के अधिकारी औचक निरीक्षण भी करेंगे।

# अस्पताल के संचालक ने की पोस्ट कोविड मरीज से छेड़छाड़, शोर मचाने पर धमकाया, प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना पुलिस ने एक पोस्ट कोविड मरीज युवती की शिकायत पर मेव अस्पताल के संचालक के खिलाफ छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। कोहेफिजा थाना प्रभारी अनिल वाजपेयी ने बताया कि श्यामला हिल्स क्षेत्र में रहने वाली 22 वर्षीय युवती कोरोना संक्रमित होने के बाद इलाज के लिए मेयो अस्पताल में भर्ती हुई थी। अगस्त में उसकी तबीयत फिर बिगड़ने लगी, तो वह इलाज के लिए फिर अस्पताल में जाने लगी। उपचार के बाद भी फायदा नहीं होने की बात उसने डॉक्टर से की। युवती का आरोप है कि डॉक्टर की सलाह पर वह पांच अगस्त को शाम करीब पौने चार बजे अपना चेकअप कराने अस्पताल के संचालक डॉ. एके जायसवाल के पास पहुंची। युवती का कहना है कि उसे जांच के लिए डायलिसिस वाले कमरे में बुलाया गया। वहां चेकअप के बहाने डॉक्टर जायसवाल उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। शोर मचाने पर वह धमकाते हुए वहां से चले गए। इसके बाद अस्पताल के स्टाफ ने अभद्रता करते हुए उसे वहां से भगा दिया। शिकायत के आधार पर डॉ. जायसवाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित डॉक?टर को नोटिस जारी किया है।

### तलैया इलाके में छेड़छाड़ को लेकर बवाल

तलैया थाना इलाके में छेड़छाड़ को लेकर दो परिवारों के बीच जमकर विवाद हो गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मारपीट में अधिक चोट लगने के कारण छेड़छाड़ के आरोपित को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है। तलैया थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 34 वर्षीय महिला के पति की मोहल्ले में रहने वाले चेतन सक्सेना से दोस्ती है। सोमवार रात को वह घर में अकेली थी, तभी चेतन घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकत की। रात में पति के घर लौटने पर महिला ने उसे घटना के बारे में बताया। इसके बाद महिला का पति अपने साथियों के साथ चेतन के घर पहुंचा और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। अधिक चोट लगने के कारण चेतन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की शिकायत पर चेतन के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया है। उधर चेतन की शिकायत पर महिला, उसके पति व उनके साथियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि चेतन से महिला के पति ने कुछ रुपये उधार लिए थे। उसको लेकर उनके बीच विवाद की स्थिति बन रही थी।

# जांच को एक माह पूरा होने आया, पुलिस अब तक पता नहीं लगा पाई कौन हैं वो अच्छे मूड वाले अधिकारी



**भोपाल।** राजधानी पुलिस के अधिकारियों का अपना ही जांच करने का तरीका है। जिस पुलिसकर्मी पर कार्रवाई करना हो, उसे दो दिन की जांच में हटाकर निलंबित या लाइन अटैच कर देते हैं, लेकिन जिस बचाना है, उसे जांच के नाम पर मामले को टालते जाते हैं। कुछ ऐसा ही ऐशबाग थाना प्रभारी की जांच के मामले में किया जा रहा है, जिनके इलाके में क्राइम ब्रांच ने जुए की फड़ पर छापा मारते हुए पकड़ा था। शिकायत पर जांच के निर्देश को पूरा एक महीना पूरा होने को आ गया है, लेकिन जांच खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जबकि जिनके आडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुए, उनको तो निलंबित किया जा चुका है, लेकिन जिनके बारे में ऑडियो में ऐशबाग का हवलदार यह कहते सुनाई दे रहा था कि साहब मूड अच्छा है, अभी काम चलने दो, बाद में डीआइजी के निर्देश आ गए तो सब बंद करना पडेगा। वह अच्छे मूड वाले साहब कौन हैं, उनके बारे में पता करने हेतु जांच जारी है, जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। मालूम हो कि राजधानी के ऐशबाग थाना क्षेत्र में डेढ़ माह पहले एक बदमाश के घर पर जुए की फड जमी हुई थी। जहां बाकायदा दो दर्जन से ज्यादा जुआरी जमा होकर दांव लगा रहे थे। क्राइम ब्रांच ने उस मकान पर छापा मारा। जहां से पुलिस ने पांच लाख के करीब रकम जब्त की और सभी जुआरियों को हिरासत में लेकर जमानत दी गई। बाद में इस थाने के टीआइ समेत कुछ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। बाद में इसी थाने के एक पुराने जुआरी ने डीआइजी इरशाद वली को शिकायत की। इसमें दर्जनभर थाने के पुलिसकर्मियों के खिलाफ आडियो और बाकी सबूत दिए। उस मामले में डीआइजी ने दो दिन की जांच के बाद ही सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया, लेकिन उस आडियो के आधार पर निलंबित हुआ आरक्षक राकेश ठाकुर एक साहब का जिक्र कर रहा था। इसमें कह रहा था कि साहब का मूड अच्छा है। उन अच्छे मूड साहब वाले साहब की जांच के नाम पर हीलाहवाली चल रही है। एएसपी अंकित जायसवाल का कहना है कि मामले में आला अधिकारियों के निर्देश पर ऐशबाग थाने के पुलिस कर्मियों की जांच जारी है, जल्द ही रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

# 12 से 15 फीसद घरों में मिल रहा लार्वा मच्छरों से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ा

**भोपाल।** मौसम खुलने के बाद अब मच्छरों से होने वाली बीमारियों का खतरा और बढ़ गया है। हालत यह है कि भोपाल में 12 से 15 फीसद घरों में डेंगू और मलेरिया के मच्छरों का लार्वा मिल रहा है। अच्छी बात यह है कि अन्य सालों के मुकाबले इस साल डेंगू का संक्रमण कम है। नहीं तो इतने बड़े स्तर पर लार्वा मिलने से हाहाकार की स्थिति बन सकती थी। बता दें कि डेंगू एडीज मच्छर के जरिए फैलता है, लेकिन इससे संक्रमण तभी होता है जब मच्छर संक्रमित हो। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भोपाल में हर दिन 1000 से 1200 घरों में लार्वा सर्वे किया जा रहा है। इनमें किसी दिन 120 तो किसी दिन 150 घरों में लार्वा मिल रहा है। हालांकि शहर में जिस तेजी से लार्वा नष्ट करने की कार्रवाई की जानी चाहिए, वैसा काम नहीं हो रहा है। इसकी वजह यह कि स्वास्थ्य विभाग के पास पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं। अन्य सालों में आशा कार्यकर्ताओं को मिलाकर लार्वा सर्वे के लिए करीब 104 टीमें शहर में घूमती थीं, लेकिन इस साल सिर्फ 31 टीमें ही इस काम में लगी हैं। इसकी वजह यह कि आशा कार्यकर्ता कोरोना से जुड़े कामों में लगी हुई हैं। इतने घरों में लार्वा मिलने के बाद भी नगर निगम की तरफ से मकान मालिकों पर जुर्माना नहीं किया जा रहा है, जबकि नियम यह है कि दूसरी या तीसरी बार किसी के घर में लार्वा मिलता है तो 200 से लेकर 5000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि कई लोग घरों में घुसने ही नहीं दे रहे हैं। ऐसे में लार्वा की जांच नहीं हो पा रही है।



# बीवी से मारपीट कर बोला तीन तलाक, प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर तीन तलाक का मामला दर्ज किया है। आरोपित पति ने महिला के साथ मारपीट कर उसे तीन बार तलाक बोलकर प्रताड़ित किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।ऐशबाग पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 22 वर्षीय फरियादी महिला गृहणी है। वह अपनी तीन साल की बच्ची के साथ मायके में करीब ढाई साल से रह रही है। उसकी सवा तीन साल पहले इछावर सीहोर में रहने वाले सरफराज बेग से शादी हुई थी। वह मोटर मैकेनिक का काम करता था। शादी के बाद से ही आरोपित उसे दहेज के लिए मानसिक और शरीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। आरोपित महिला को उसके मायके छोड़कर चला गया था। अभी दो माह पहले आरोपित ने दूसरी शादी कर ली। इस पर महिला ने आपत्ति ली तो आरोपित 22 जुलाई को महिला के घर ऐशबाग आया था। जहां उसने महिला के साथ एक बार फिर मारपीट की और इसी दौरान उसने विवाद में महिला को मुंह से तीन बार तीन तलाक कहकर उसे प्रताड़ित कर संबंध अलग कर लिए थे। इस पर महिला ने कुछ दिन तक खामोश रही। बाद में हिम्मत करके उसने अपने पति के खिलाफ बुधवार को ऐशबाग थाने में शिकायत की।




### घर के बाहर बैठी महिला से ननदोई ने की अश्लील हरकत

शाहपुरा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके ननदोई के खिलाफ अश्लील हरकत करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक भरत नगर में रहने वाली 26 वर्षीय महिला निजी काम करती है। मंगलवार शाम करीब छह बजे वह अपने घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला उसका ननदोई पहुंचा और उससे बदसलूकी करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो वह वहां से चल गया। कुछ देर बाद महिला ने अपने पति और ससुर को घटना के बारे में बताया। दोनों ननदोई को समझाने गए तो उसने उनके साथ गाली-गलौज कर दी। देर रात महिला परिजनों के साथ थाने पहुंची और नंदोई के खिलाफ छेड़छाड़ और गाली-गलौज करने का मामला दर्ज करा दिया।

# मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने का झांसा देकर 12 लाख हड़पे

**भोपाल।** राजधानी में धोखाधड़ी के मामले थमते नहीं दिख रहे हैं। इसी क्रम में गांधी नगर थाना पुलिस ने ग्वालियर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने के नाम पर दो युवकों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया है। पुलिस मोबाइल नंबरों के आधार पर फरार आरोपितों की तलाश कर रही है। गांधीनगर थाना पुलिस के मुताबिक पंकज कुमार सिंघल ग्वालियर में रहते हैं। पंकज कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि उनके पुत्र और भतीजे ने नीट की परीक्षा अच्छे नंबरों से पास कर ली थी। वे उनका किसी बेहतर मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराना चाहते थे। इस सिलसिले उनका परिचय रितेश व राहुल नाम के युवकों से हुआ था। दोनों ने पंकज को बताया था कि वे लोग गांधी नगर स्थित महावीर अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय में काम करते हैं। अपने संपर्कों के माध्यम से वह कई छात्रों को कॉलेज में प्रवेश करा चुके हैं। उनकी बातों में भरोसा करने के बाद पंकज कुमार ने अपने पुत्र और भतीजे का एडमिशन कराने के लिए चर्चा की। शातिर युवकों ने दोनों के एडमिशन कराने के ऐवज में 12 लाख रुपये की मांग की। फरवरी 2021 में पंकज कुमार ने कॉलेज के काउंसलिंग रूम के पास उन्हें रुपये दे दिए। इसके बाद भी मेडिकल कॉलेज की प्रवेश सूची में पंकज के बेटे और भतीजे का नाम नहीं आया तो उन्होंने रितेश और राहुल से संपर्क किया तो उनका मोबाइल फोन बंद मिलने लगा। पंकज कुमार ने घटना की शिकायत ग्वालियर पुलिस से की थी। ग्वालियर पुलिस ने शून्य पर धोखाधड़ी का मुकदमा कायम कर केस डायरी गांधी नगर थाने भेज दी। केस डायरी मिलने के बाद बुधवार रात को गांधीनगर थाना पुलिस ने असल कायमी कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# सर्जरी के जरिए अग्नाशय से निकाली 20 सेमी लंबी गांठ




**भोपाल।** राजधानी में स्थित भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) के डॉक्टरों ने बिना बड़ा ऑपरेशन किए अग्नाशय( पैंक्रियाज) से बड़ी गठान निकाली है। अस्पताल में करीब छह साल बाद लेप्रोस?कोपिक तकनीक यानी दूरबीन के जरिए सर्जरी की गई है। मरीज के पेट में यह गठान करीब 20 सेंमी लंबी और 15 सेमी चौड़ी थी। अस्पताल के गेस्ट्रो सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रमोद वर्मा ने बताया कि मरीज पिछले तीन-चार महीने से पेट दर्द, उल्टी और भूख न लगने की समस्या परेशान था। उसने बीमएएचआरसी में आकर अपना चेकअप कराया। मरीज के सीटी स्कैन से पता चला कि उसके पैंक्रियाज में बड़ी गांठ है। इस वजह से उसे तकलीफ हो रही है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर अस्पतालों में बड़ा चीरा लगाकर यह ऑपरेशन किया जाता है। इस तरह से ऑपरेशन में मरीज को दर्द अधिक होता है और स्वस्थ होने में कम से कम एक हफ्ते लगता है। इसी वजह से दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) सर्जरी करने का फैसला किया। इस ऑपरेशन में बहुत छोटा चीरा लगाना पड़ता है। इसमें मरीज दो दिन में ही चलने लगता है। उन्होंने बताया कि निजी अस्पताल में दूरबीन से इस तरह की सर्जरी कराने पर करीब एक लाख रुपये खर्च आता है। इस मरीज का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया है।

# 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कोरोना मरीजों के लिए बढ़ेंगे 1420 बिस्तर

**भोपाल।** प्रदेश सरकार कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए निरंतर प्रयासों में जुटी है। इसी सिलसिले में प्रदेश में 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में 30 सितंबर तक 1420 बिस्तर बढ़ जाएंगे। अभी 6,766 बिस्तर हैं। इसी तरह से सभी जिला अस्पतालों में तीसरी लहर के मद्देनजर बिस्तर बढ़ाए जाएंगे। यहां सभी श्रेणी के मिलाकर 4,043 बिस्तर बढ़ाए जा रहे हैं। इसमें बच्चों के लिए आइसीयू बेड भी शामिल हैं। तीसरी लहर में बच्चों के ज्यादा संक्रमित होने की आशंका जताई जा रही है, इस कारण बच्चों के लिए अलग वार्ड बनाए जा रहे हैं। जिला अस्पतालों में बढ़ाए जा रहे बिस्तर में 385 बढ़ गए हैं।2,196 बिस्तर बढ़ाने का काम शुरू हो गया है। बाकी का अभी काम शुरू नहीं हुआ है।

### जिला अस्पतालों में बिस्तर बढ़ाने की तैयारी

बिस्तर की श्रेणी-- उपलब्ध बिस्तर-- बढ़ेंगे-- बढ़ने के बाद होंगे

आक्सीजन बेड -- 11156--2071--13227

आइसीयू/एचडीयू बेड - 784--670-1454

शिशु गहन चिकित्सा इकाई --200--310--510

शिशु सामान्य आक्सीजन बेड --12170--4043--16213

किस मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस?पताल में कितने बिस्तर बढ़ेंगे

मेडिकल कॉलेज-- मौजूदा कुल बिस्तर- - 30 सितंबर तक आइसीयू बेड होंगे -- 30 सितंबर तक पीआइसीयू/एसएनसीयू बेड होंगे -- बढ़ने के बाद कुल बिस्तर होंगे

भोपाल --680--540-50--1010
ग्वालियर--515--255--50--975
दतिया--190--85--20--275
इंदौर--952--783--60--1147
शहडोल--448--80--10-538
विदिशा--310--110--20--370
शिवपुरी --470--85-10--550
रीवा --571--218--30--631
सागर--500--274--30--544
जबलपुर--825--600--50--875
खंडवा--300--90--20--380
रतलाम --550--228--10580
छिंदवाड़ा --395--90--20--415

### आक्सीजन की तैयारी

प्रदेश लगाए जा रहे आक्सीजन जनरेशन प्लांट - 186
अब तक तैयार - 74
लगाने का काम चल रहा - 112

### सभी से हर दिन मेडिकल आक्सीजन मिलेगी - 229 टन

प्रदेश में अब तक मिले कोरोना मरीज- 7,91,990
लिए गए सैंपल-- 1,52,20,497
औसत संक्रमण दर-- 5.20 फीसद
अब तक मौतें- 10,514
मौत की औसत दर- 1.32 फीसद

# महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ सड़क पर उतरी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर बरसी लाठियां, तीन हजार कांग्रेसियों पर एफआइआर

**भोपाल।** महंगाई, बेरोजगार और कानून व्यवस्था की बदतर स्थिति को लेकर युवा कांग्रेस ने बुधवार को भोपाल में प्रदर्शन किया।

सभा के बाद कार्यकर्ता मुख्यमंत्री निवास के घेराव के लिए आगे बढ़े तो पुलिस बल ने उन्हें रेडक्रास चौराहे के पहले रोक दिया। आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए लाठीचार्ज और वॉटरकेनन का उपयोग किया गया। काफी देर झूमाझटकी चलती रही और फिर गिरफ्तारी की गई।

सभा में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने शिवराज सरकार पर किसान, युवा, अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का आरोप लगाते हुए, इनका सच जनता के सामने लाने की जिम्मेदारी युवा कांग्रेस को सौंपी। वहीं, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने महंगाई के लिए केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को दोषी ठहराया।

### पुलिस ने तीन हजार कांग्रेसियों पर दर्ज की एफआइआर

राजधानी की लिंक रोड नंबर- एक पर बिना अनुमति के प्रदर्शन करने के मामले में हबीबगंज पुलिस ने पांच कांग्रेस नेताओं समेत तीन हजार कार्यकर्ताओं पर एफआइआर दर्ज की है। हबीबगंज थाना प्रभारी भान सिंह के अनुसार युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बिना अनुमति के बुधवार को लिंक रोड पर प्रदर्शन किया। इस मामले में राष्ट्रीय युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, विधायक जयवर्धन सिंह, युवक कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विक्रांत भूरिया, विधायक कुणाल चौधरी व जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव उर्फ गोलू पर नामजद और बाकी प्रदर्शनकारियों पर धारा 188 के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है।प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.विक्रांत भूरिया की अगुआई में हुए प्रदर्शन से पहले सभा में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि अभी भाजपा नेता राष्ट्रवाद की बात कर रहे हैं पर चुनाव आते तक मंदिर की बात करने लगेंगे। प्रदेश में सरकार से हर वर्ग परेशान है।

हमने 15 माह की सरकार के दौरान शुद्ध का युद्ध अभियान चलाकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई की थी पर आज फिर प्रदेश में माफिया का बोलबाला है। किसानों की कर्ज माफी हमने की और युवाओं के लिए कार्ययोजना बनाई।

निवेश लाने के लिए विश्वास का माहौल बनाया पर अब हालात बदल गए हैं। महंगाई से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है पर सरकार यह मानने के लिए तैयार नहीं है।

### बेरिकेड पार नहीं कर पाए कार्यकर्ता

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से आगे बढ़े तो पर कुछ ही दूरी पर उन्हें पुलिस ने रोक दिया। पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी और विधायक कुणाल चौधरी बेरिकेड पर चढ़ गए पर वे भी आगे नहीं बढ़ पाए। धरने पर बैठे कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने उठाकर गिरफ्तार किया और फिर बसों में बैठाकर भिजवाया। इस दौरान जयवर्धन सिंह का कुर्ता और पायजामा भी फट गया।

### कोरोना गाइडलाइन की उड़ी धज्जियां

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कोरोना की खुलकर धज्ज्यिां उड़ाई। न तो कार्यकर्ताओं ने मास्क पहने हुए थे और न ही शारीरिक दूरी का पालन कर रहे थे।

# फूड डिलीवरी बॉय को कार से अगवा कर सिर में मारी तलवार

**भोपाल।** शाहपुरा के बाबा नगर में बुधवार देर रात एक खाना डिलीवरी बॉय को तीन लोगों ने कार से अगवा कर मारपीट की। बाद में उसके सिर पर तलवार से हमला कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक घायल के परिजन उसे लेकर अस्पताल लेकर जा चुके थे। इस जानलेवा हमले का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शाहपुरा पुलिस के अनुसार बाबा नगर शाहपुरा में 22 साल का हरीश प्रजापति अपने परिवार के साथ रहता है। वह फूड डिलीवरी का काम करता है। बुधवार रात वह एक व्यक्ति के लिए ऑर्डर पर खाना देने जा रहा था। वह कोलार के सर्वधर्म तक पहुंचा, जहां पहले कार में बैठे धमेंद्र मीणा, गोविंद मालवीय और आरके मिश्रा उर्फ लाले ने उसकी बाइक के सामने कार को अड़ाकर रोक लिया। आरोपितों ने हरीश के साथ मारपीट कर उसे जबरन घर में बिठा लिया और रास्ते भर उसे डंडे और मुक्कों से मारपीट करते रहे। आरोपितों के पास तलवार, चाकू जैसे धारदार हथियार थे। वह उसे रास्तेभर डराते-धमकाते रहे। बाद में उसे बाबा नगर के पास सुनसान स्थान पर कार से उतार दिया। वहा उसके साथ फिर मारपीट की। इसी दौरान एक आरोपित ने उसके सिर पर तलवार से प्रहार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपित वहां से फरार हो गए।

## स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित

**सिहोरा।** स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर तहसील मुख्यालय परिसर स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आशीष पांडे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तहसीलदार राकेश चौरसिया ,नायब तहसीलदार राहुल मेश्राम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आशा देवी पटले, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय, विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राघवेंद्र त्रिपाठी ,एसडीओ एग्रीकल्चर मनीषा पटेल ,सब रजिस्टार सविता पाटिल,थाना प्रभारी सिहोरा गिरीश धुर्वे ,रेंजर जे डी पटेल अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुऐ। अनुविभागीय अधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन हेतु राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों कि जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्व की भांति ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यालय स्थित चिन्हित स्थलों पर पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों के साथ कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगे। सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान मध्य प्रदेश का सामूहिक गान किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थाओं में छात्र छात्राओं को कोविड-19 के चलते शामिल नहीं किया जायेगा ध्वजारोहण शासकीय कार्यालयों में कार्यालय प्रमुख द्वारा किया जायगा स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान कोविड-19 को लेकर जारी सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया। सभी अतिथि मास्क पहनकर समारोह में शामिल होंगे। साथ ही समारोह के दरम्यान शारीरिक दूरी का भी ख्याल रखा जाएगा।

# गौवंश की रक्षा के लिए बने सुव्यवस्थित गौशाला

**सिहोरा।**नगर में गौवंश की रक्षा एंव गौशाला के निर्माण हेतु आम आदमी पार्टी आप ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौपा। जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग व सिहोरा नगर के आसपास प्रतिदिन गौवंश सडक दुर्घटना में मारे जा रहे है तथा घायल हो रहे है साथ ही कई बीमारियों के चलते गौवंश सडक पर ही दमतोड देते है। और इसके लिए कारगर उपाय भी नही किए जा रहे है। घायल मूक पशु के इलाज हेतु पशु चिकित्सालय में पर्याप्त व्यवस्था न होने से उनका इलाज ढंग से नही हो पाता जबकी वहां पदस्थ कर्मचारी पूरी सेवा भावना से कार्य करते है तथा अनेक समाजसेवी अपने स्तर पर इनके सेवा कार्य एवं सुरक्षा के लिये प्रयासरत है एवं कम से कम साधनों के साथ जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे है सिहोरा के मनसकरा में खसरा नं.23 रकबा 0.8290 हे. जो जनपद पंचायत मद में दर्ज है व खसरा नं.57,58,59,47,50,51,53 भी म.प्र.शासन की भूमि है इस पर गौशाला का निर्माण किया जा सकता है। अतः शीघ्र ही गौशाला का निर्माण कराकर मूक पशुओं को राहत प्रदान की जाये तथा जो पशु पालक अपने पशुधन को ऐसे ही छोड देते है उन पर भी कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के संतोष वर्मा ,संजय पाठक ,मुन्ना राय ,डब्बल चौबे,जानकी प्रजापति, जितेन्द्र श्रीवास, ऋषि जयसवाल आदि उपस्थित थे।

## आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे कम्प्यूटर आपरेटर

### चार माह से नही मिला वेतन

**सिहोरा।** अधिकारियों के कंधे से कंधा मिलाकर सरकारी काम को ईमानदारी से करने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर चार माह से वेतन न मिलने से भीषण आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे है जबकी रक्षाबंधन का त्यौहार सर पर है। मामला जबलपुर कलेक्टर कार्यालय एवं तहसील राजस्व न्यायालय में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटरों का है,बताया जा रहा है की जबलपुर जिले के कलेक्टर कार्यालय सहित तहसील राजस्व न्यायालय का है जहां पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटरों को चार माह से वेतन नहीं दिया गया

**इन महीनों का नहीं मिला वेतन**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कलेक्टर कार्यालय ई - गवर्नर्स जबलपुर के ग्रामीण इलाकों में तहसील कार्यालय में पदस्थ 44 लोगों में आउटसोर्स से अधिकृत समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटरों को अप्रैल ,मई, जून, जुलाई माह तक का वेतन नहीं दिया गया।जिसके चलते कम्प्यूर ऑपरेटरों को बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि 7 जून 2021 को कम्प्यूटर ऑपरेटरों द्वारा कलेक्टर को लिखित आवेदन देते हुए वेतन भुगतान की मांग की गई थी ,लेकिन अभी तक वेतन का भुगतान नहीं हुआ ,जिसके चलते सभी में निराशा के बादल छाए हुए है,

**क्यों नहीं दिया जा रहा वेतन**

बताया तो यह भी जा रहा है की जिला मुख्यालय से कोई भी लिखित आदेश तहसील कार्यालय में न भेजे जाने के कारण कम्प्यूटर ऑपरेटरों को वेतन नहीं दिया गया, तो वहीं चार माह से वेतन न मिलने के कारण जबलपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र पाटन, कुंडम, पनागर ,शहपुरा, मझौली ,सिहोरा के कम्प्यूटर आपरेटर आर्थिक समस्या से गुजर रहे है।



## लोधी क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित

**गोटेगांव।** नगर में बीते बुधवार को स्थानीय श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर परिसर एस.आर.जी. कार्यालय गोटेगांव में लोधी क्षत्रिय समाज की बैठक का आयोजन किया गया! जिसमें मुख्य रुप से लोधी क्षत्रिय समाज के बरिष्ठ पदाधिकारी गण ओंकार सिंह पटेल कार्यकारी जिला अध्यक्ष लोधी समाज, इमरत सिंह पटेल, निधान सिंह पटेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष, की गरिमामयी उपस्थिति रही! लोधी क्षत्रिय समाज के सभी बरिष्ठ पदाधिकारी गणों ने अपने अपने बिचार रखे! एवं बैठक में 15 एवम् 16 अगस्त को रानी अवंती बाई लोधी जन्म जयंती पर भोपाल से बालपुर (शाहपुर) रानी के बलिदान स्थल तक यात्रा, एवं 10वी 12वी में मेरिट में आये लोधी समाज के प्रतिभावान बच्चो का सम्मान कार्यक्रम के विषय में रूपरेखा एवं विचार विमर्श किया गया! इस अवसर पर वीरन सिंह पटेल, संजय सिंह पटेल, गोविन्द सिंह पटेल, सतीश पटेल, अर्जुन मालगुजार, महेंद्र सिंह पटेल, अभिषेक पटेल भाजपा मंडल अध्यक्ष, विजय पटेल, अरविंद पटेल, मनोज पटेल, नेतराम पटेल, घनश्याम पटेल, सीताराम पटेल, मातवर पटेल, अभिषेक पटेल पिपरिया, एवं सभी लोधी क्षत्रिय समाज के बरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारी गण बैठक में उपस्थित रहे!

## चचाई में शांति समिति की बैठक संपन्न

**अनूपपुर** अनूपपुर जिले के चचाई में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रमुख रूप से एसडीओपी कीर्ति बघेल, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राजपूत आदि का मार्गदर्शन लोगों को मिलाद्य शांति समिति की बैठक में एसडीओपी कीर्ति बघेल ने कहा कि आगामी दिनों में आने वाले त्योहार मोहर्रम ,श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं गणेश उत्सव शांतिपूर्वक ढंग से मनाए एवं नियम के तहत भीड़ ना लगाएंद्य शांति समिति की बैठक में चचाई अमलाई विवेक नगर बक ही डूंगरा टोला चिल्हारी सहित चचाई थाना अंतर्गत आने वाले गांव के जनप्रतिनिधि एवं लोग उपस्थित रहे

## किसान संघ ने अपनी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**पाटन।** भारतीय किसान संघ की पाटन इकाई की बैठक का आयोजन नृत्य गोपाल मंदिर में किया गया जिसमें इकाई कार्यकारिणी सदस्यों को पदभार दिए गए जिसमे सर्वसहमति से रामकृष्ण सोनी को अध्यक्ष और रितेश पटेल को मंत्री चुना गया बही पाटन नगर अध्यक्ष विवेक बेहुरे को चुना गया साथ संघ के आगामी कार्यक्रमो के बारे में विस्तार से चर्चा हुई संघ के सदस्यों द्वारा पैदल मार्च निकाला कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों को ले कर पाटन एस डी एम को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें किसानों को खरीफ सीजन में 10 घंटे बिजली आगामी 30 दिनों तक मक्के की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने राजस्व संबंधी मामलों फौती नामांतरण आदि को संज्ञान में ले कर निपटाया जाए सोसाइटी और नगद विक्रय केंद्रों खाद की समस्याओं का निराकरण किया जाए कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए जिन ग्राम पंचायतों में टीकाकरण नही हुआ है कराया जाए ग्राम पंचायतों में ग्रामीण स?क आवासीय योजना और शौचालय संबंधी कार्य रुके हुए है उन्हें पुनः प्रारंभ कराया जाए मूंग उरद की खरीदी के एस एम एस भेजे जाए कार्यक्रम में जिला प्रचारक राघवेंद्र जी सुदेश सिंह भरत पटेल विजय गोटियां ओमनारायण पचौरी मोहन तिवारी सुनील पटेल आलोक पटेल रघुनाथ सिंह रितेश पचौरी केसव तिवारी उपस्थित रहे।

## टुडे एनर्जी पावर प्रोजेक्ट एवं प्रदेश में बन रहे डेमो के विरोध में पट्टाधारी किसानों का विरोध प्रदर्शन



**गोटेंगाव।** भूमि बचाओ जिंदगी बचाओ किसान संगठन झांसीघाट के सदस्यों ने प्रदेश में बन रहे बांधों एवं उद्योगपतियों की कंपनी द्वारा किसानों को झांसा देकर उनकी जमीन खरीदने के विरोध में अपने खेतों पर विरोध प्रदर्शन किया। एस सी -एस टी के किसानों का कहना है कि यह जमीन हमें सरकार ने अपने जीवन यापन करने के लिए पट्टे के रूप में दी थी। जिसे पूंजीपतियों की कंपनी ने झांसा देकर अधिग्रहण कर लिया है।वहीं मध्य प्रदेश सरकार ने बांध परियोजना की अनुमति दी है।जिसमें मध्यप्रदेश में बनाए जा रहे बांधों के कारण किसानों का जीवन दूभर हो गया। वह भूखमरी की कगार पर हैं। वही किसानों ने कहा कि हम सभी किसान ऐसी परियोजनाओं का विरोध करते हैं। जो हमारी भूमि छीन कर हमे भूखा मरने के लिए छोड़ दे। भूमि बचाओ जिंदगी बचाओ किसान संगठन की मांग है कि प्रदेश में बनाए जा रहे बांधों की जो अनुमति मध्य प्रदेश सरकार ने दी है, सरकार उसे तुरंत निरस्त करें। साथ ही किसानों की यह भी मांग है कि पूंजी पतियों की कंपनी ने किसानों को झांसा देकर जो जमीन उनसे खरीदी है उसे उन्हें वापस किया जाए।

## असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए चयनित हुई वर्षा

**शहडोल।** शहडोल जिले के अंतर्गत व्यवहारी जनपद मुख्यालय के निवासी जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष हरिमोहन तिवारी की सुपुत्री डॉक्टर वर्षा तिवारी ने हाल ही में छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा आयोजित लोक सेवा आयोग की परीक्षा वर्ष 2021 में सर्वोत्तम अंको से उत्तीर्ण कर इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर का पद प्राप्त किया हैद्य वर्षा का चयन उत्कृष्ट अंकों के आधार पर किया गया है द्य श्रीमती वर्षा तिवारी कंप्यूटर साइंस से एमएससी की उपाधि प्राप्त करने के साथ-साथ इतिहास विषय में मास्टर ऑफ आर्ट की डिग्री प्राप्त कर चुकी है उन्होंने अनेक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी क्यों में प्रत्यक्ष और ऑनलाइन भाग लेकर अपना शोध पत्र तैयार किया उन्हें स्काउट एवं गाइड के सफलतम प्रदर्शन के लिए स्कूली शिक्षा के दौरान राष्टपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका हैद्य शोध पत्र को तैयार कराने में जिला सीधी से प्रोफेसर संतोष सिंह रीवा से प्रोफ़ेसर गफ्फार खान एवं रायपुर छत्तीसगढ़ से प्रोफेसर रामेंद्र मिश्र का मार्गदर्शन प्राप्त हुआद्य गौरतलब हो कि श्रीमती वर्षा के पति सुभाष चतुर्वेदी भौतिक शास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।

## राशन दुकानों में हो रही खुलेआम चोरियां

**नारायणगंज।** नारायणगंज जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली सोसायटीओं में खुलेआम सेल्समैन द्वारा राशन की चोरी की जा रही है और उन्हें प्राइवेट दुकानों में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है गरीबों का हक मारकर सेल्समैन अपनी जेबें भर रहे हैं जिस पर ना ही अधिकारियों की नजर जाती है, और ना ही प्रशासन की नजर जाती है गरीब आदिवासियों का हक मारने में सेल्समैन थोड़ा भी हिचकिचाते नहीं है चाहे वह यूरिया खाद हो या फिर गरीबों को मिलने वाला शासन के द्वारा मुफ्त अनाज होएक ऐसा ही मामला पटेहरा सरकारी राशन दुकान का सामने आया है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेल्समैन द्वारा गरीबों का अनाज चोरी कर-कर खुलेआम प्राइवेट दुकानों में बेचा जा रहा है, और सेल्समेन द्वारा अपनी जेबें भरी जा रही है जानकारी के मुताबिक गरीबों को मिलने वाला राशन जो कि सरकार मुफ्त में गरीबों को प्रदान करती है उस राशन को सेल्समैन द्वारा बड़े-बड़े अधिकारियों की मिलीभगत के चलते प्राइवेट दुकानों में बेच दिया जाता है और मोटी रकम लेकर अपनी जेब भर ली जाती हैं, शिकायत करने पर सेल्समैन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को धमकियां दी जाती है कि तुम्हारे राशन कार्ड हम निरस्त करवा देंगे अगर तुम ने शिकायत की तो इन धमकियों से डर कर ग्रामीण आवाज नहीं उठा पाते हैं




**शासन द्वारा मिल रही यूरिया - खाद का हो रहा है दुरुपयोग**

शासन द्वारा किसानों को कम दामों पर यूरिया और खाद शासन के द्वारा खोली गई सरकारी दुकानों पर प्राप्त करवाई जाती है परंतु ग्रामीण तबके के लोगों को इस समय यूरिया और खाद प्राइवेट दुकानों से खरीदनी पड़ रही है सरकारी दुकानों के कर्मचारी और सेल्समेन द्वारा सरकारी यूरिया खुलेआम प्राइवेट दुकानों में बेच दी जाती है, और ग्रामीणों के साथ छलावा किया जाता है जिसके चलते ग्रामीण बहुत ही परेशान हैं उन्हें सरकारी खाद प्राइवेट दुकानों से मनमाने दामों पर खरीदनी पड़ रही है जिसके चलते उनकी खेती और किसानों पर बहुत ही असर पड़ रहा है और वह बहुत ही परेशानी का सामना कर रहे

**इनका कहना है**

आपके द्वारा मुझे जानकारी प्राप्त हुई है जल्दी ऐसे सेल्समैन और ऐसी सरकारी दुकानों पर कार्रवाई की जाएगी।

**मीना मसराम ( अपर कलेक्टर मंडला)**



## पंकज चौकसे बने सांसद प्रतिनिधि

**गोटेगांव।** नगर के लाडले सपूत कलचुरी गौरव एवं समाजसेवी भाई पंकज चौकसे को मण्डला लोकसभा क्षेत्र के सांसद केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री माननीय फग्गन सिंह कुलस्ते ने नगर गोटेगांव के नागरिकों की समस्याओं के निदान हेतु पार्टी एवं समाज सेवा क्षेत्र में सक्रिय योगदान करने वाले नेता पंकज चौकसे को नगर पालिका गोटेगांव में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है इस आशय का पत्र माननीय सांसद महोदय ने कलेक्टर नरसिंहपुर एवं गोटेगांव नगर पालिका को जारी करते हुए लिखा है कि नगर पालिका गोटेगांव एवं नगर विकास के संबंध में जहां भी बैठक हो उन्हें लोकसभा मंडला के सांसद प्रतिनिधि के रूप में आमंत्रित किया जावे पंकज चौकसे के सांसद प्रतिनिधि बनने पर उनके समर्थकों में हर्ष का वातावरण है सभी ने सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री माननीय फग्गन सिंह कुलस्ते जी के प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है।

## जगह-जगह गूंज रही राम धुन चल रही अखंड मानस पाठ

**श्रावणमास मैं भक्तिमय महौल, मंदिरों का अद्भुत नजारा**

**बघराजी।** श्रावण मास भगवान श्री राम के जयकारों के सुर सुनाई दे रही हैं एक ओर नगर मे स्थित अंजनी धाम सुभाष पार्क प्रांगण में श्रावण मास के शुरू होते ही विधि विधान के साथ श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन अखंड मानस अंजनी धाम समिति के सदस्यों के द्वारा किया जा रहा है।जो पूरे श्रावण मास तक चलेगा यहां बारी-बारी से पाठ दिन रात लगातार रामायण का अखंड पाठ करके पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं तो वही दूसरी ओर ऐसा ही कुछ नजारा स्थानीय पुलिस चौकी प्रांगण हनुमान मंदिर में भी नजर आ रहा है तथा रोजाना किसी ना किसी घर के राम भक्त व्यक्तिगत रूप से अखंड रामायण का एक दिन के पाठ का आयोजन करा रहे हैं। जिसके चलते नगर बघराजी में इन दिनों चारों ओर भगवान राम के नाम की धूम मची हुई है और लोग मानस पाठ का श्रवण कर रहे हैं जीवन को



कृतीर्थ बना रहे हैं इसके अलावा पुरुष एवं महिला मानस मंडली भी पीछे नहीं है जहां एक ओर पुरुष मंडलियों के द्वारा रोजाना किसी न किसी राम भक्त के घर में रामायण का संगीतमय पाठ किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर महिला मंडलियां भी नगर के घर घर जाकर संगीतमय रामायण का पाठ कर भगवान श्री राम की महिमा का गुणगान का बखान कर धर्ममय वातावरण निर्मित कर रही हैं कुल मिलाकर देखा जा रहा है की नगर बघराजी मे इन दिनों धर्म की बयार चल रही है।

## गंगा आश्रम में कार्यक्रम आयोजित

**गोटेगांव।**नगर के समीपी आध्यात्म क्षेत्र मां त्रिपुर सुंदरी के पावन धाम में स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के 52 वे वर्धापन दिवस के शुभ अवसर पर परमहंसी गंगा आश्रम मैं विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हुए जिसमें सर्वप्रथम प्रातः काल स्वामी श्री ने पूज्य पाद अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के दर्शन किए इस पश्चात भगवान चंद्रमौलेश्वर एवं विघ्नहर्ता भगवान गणेश का मोदक अर्चन किया मां भगवती राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां के दर्शन कर भगवान ज्योतिरीश्वर महादेव का अभिषेक कर शंकराचार्य बाल विद्या निकेतन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें विभिन्न राज्यों से आए हुए भक्तों द्वारा पूज्य स्वामी जी का अभिनंदन साल श्रीफल पुष्पमाला से किया जिसमें विशेष रुप से स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं ब्रह्मचारी सुबुद्धा नंद जी महाराज उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुंडम को एंबूलेंस भेंट



**कुडम।** राजसभा सांसद विवेक तंखा ने दी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडम को एंबुलेंस भेंट की ग्रामीण आदिवासी क्षेत्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 30 बिस्तर का अस्पताल जिसमें एंबुलेंस नहीं थी जिसे देखते हुए ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था जिसको देखते हुए आदिवासी नेता खिलाड़ी सिंह आर्मी ने विवेक कृष्ण तंखा जी को अवगत कराया इस समस्या को देखते हुए उनकी मांग पर तत्काल विवेक कृष्ण तंखा ने कुडम समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एक एंबुलेंस भेंट कि आज दिनांक 11 2021 दिन बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडम में जाकर खिलाड़ी सिंह आर्मी ने बीएमओ कुडम को एंबुलेंस की चाबी सौंपी इस कार्यक्रम में उपस्थित पंडित संतोष मिश्रा सुशील राय विपिन जायसवाल संदीप साहू पहलाद झारिया रतन कछवाहा राकेश झारिया लोटन सिंह राजकुमार साहू दीपक श्रीवास्तव अमित साहू मनोहर अच्छेलाल एवं सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सट्टे का अवैध कारोबार चरम पर

**शहडोल।** संभाग मुख्यालय सहित जैसीनगर, गोहपारू ,बाणसागर व्यवहारी ,सहित कोयलांचल के अमलाई ,धनपुरी एवं बुढार मैं सट्टे का अवैध कारोबार चरम पर हैद्य जिला पुलिस प्रशासन द्वारा ऑपरेशन शंखनाद अभियान के तहत अपराधियों पर नकेल कसी गई लेकिन सटोरियों के तरफ पुलिस प्रशासन का शायद ध्यान नहीं गया तभी तो पूरे जिले में नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल तक सट्टे का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है लेकिन पुलिस मौन धारण किए हुए हैंद्य हालांकि समय-समय पर स्थानीय पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यवाही तो की जाती है लेकिन मात्र छोटे लोगों पर ही कार्यवाही की जाती है और असली सट्टा किंग पुलिस के नजर से हमेशा दूर रहता हैद्य कोयलांचल नगरी के बुढार में राजनीतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्ति द्वारा लंबे समय से इस कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है और अब तो कथित नेता का मायाजाल नगर के अलावा ग्रामीण अंचल में भी फैल चुका हैद्य वही अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बसाहट एवं कॉलोनियों में 1द्व80 बनाने का धंधा धड़ल्ले से चल रहा हैद्य अमलाई क्षेत्र के अंतर्गत चिप हाउस, रेलवे कॉलोनी, अमरा डंडी ,ओरियंट पेपर मिल, कॉलोनी, बकहो, रुंगटा कॉलोनी आदि स्थानों में धनपुरी नंबर 3 के होटल संचालक एवं नगर पालिका में लंबे समय से जनप्रतिनिधि रहने वाले नेता की जुगल जोड़ी द्वारा इस कारोबार को अंजाम दिया जा रहा हैद्य वही धनपुरी नगर में आधा दर्जन सटोरिया सक्रिय रूप से अपना माया जाल फैला चुके हैं जो कि बगवार कॉलोनी, बम्होरी सहित धनपुरी नगर में अपने एजेंटों के माध्यम से सट्टे की बुकिंग कराते हैं और धड़ल्ले से यह व्यापार कर रहे हैंद्य पूर्व थाना प्रभारी रत नंबर शुक्ला के कार्यकाल में कुछ हद तक सटोरियों को भय था किंतु उनके स्थानांतरण के बाद इनके हौसले बुलंद हो चुके हैं।

**हाईटेक हो चुका है व्यापार**

सट्टा व्यापार अब हाईटेक हो चुका है जिस कारण पुलिस प्रशासन के हाथ मुख्य सटोरियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं कारण की पूरा व्यापार मोबाइल एवं लैपटॉप के माध्यम से किया जाता है द्य

**जनप्रतिनिधियों की चुप्पी**

संभाग मुख्यालय सहित कोयलांचल से लेकर ग्रामीण अंचल तक फैले इस कारोबार पर रोक लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी चुप्पी साध रखी है और जिले का कोई भी जनप्रतिनिधि सट्टे पर अंकुश लगाने के लिए धरना प्रदर्शन तो क्या ,ज्ञापन भी नहीं दिया जा रहा हैद्य सट्टा को सामाजिक बुराई माना जाता है किंतु इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए कोई भी जनप्रतिनिधि या समाज सेवक आगे नहीं आ रहा है जिसके कारण यह सामाजिक बुराई अमरबेल की तरह फैलता ही जा रहा है।

## नहीं छूट रहा कुर्सी का मोह

**कुंडम।** जनपद पंचायत कार्यालय रिटायर लेखापाल नहीं दिया अभी तक चार्ज रिटायर होने के बाद आपना वृंदावन मे विदाई समारोह मनाने वाले बाबू डी एम अग्रवाल जो 20 वर्षों में जनपद पंचायत कार्यालय समेत आजू-बाजू के बाबू चपरासी एवं साहूकारों से लाखों रुपए खाने वाले बाबू आज भी काला पीला करने को जबलपुर से कुंडम छोड़ा जाता है और सरकारी गाड़ी का दुरुपयोग करते हुए सीईओ कुंडम अपने शासकीय वाहन से जबलपुर छोड़ा जाता है यहां पर ग्रेट फार्मर की राशियों की ऐसी होली खेली जा चुकी है कि जांच दल आकर जांच करें तो सच्चाई सामने आएगी यहां पर बैठे बाबू भवन संनिर्माण संबल योजना से लाखों रुपए निकाल कर रख चुके हैं भवन संनिर्माण कार्ड बनवाने में आज भी बाबू द्वारा रुपयों की मांग की जाती है सीईओ कुंडम होशियार एवं बाबू और दलालों के कब्जे में है कुंडम जनपद पंचायत के अधिकारी श्री ओमकार सिंह ठाकुर भोले-भाले अधिकारी हैं उनका पूरा पूरा फायदा वर्षों से जमे होशियार बाबू ले रहे हैं और शासन की राशि की होली खेली जा रही है अनेक फर्जी बिलों का भुगतान रोज किया जा रहा है और सीईओ भ्रष्ट बाबूओ की गिरफ्त में चल रही है पुराने रिटायरमेंट वाले बाबू से काला पीला करा कर लाखों रुपए हड़प रहे हैं और ग्राम पंचायत में भी अधिकारियों द्वारा जमकर वसूली की जाती है।

# नगरीय आबादी क्षेत्र में धारणा अधिकार का पट्टा मिलेगा: अनिल

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने प्रेस को जारी एक बयान में बताया है कि मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में आबादी नजूल भूमि पर वर्षों से आवास व व्यवसाय कर रहे हैं किंतु राजस्व अभिलेख में उन्हें अधिकार प्राप्त नहीं था भारतीय जनता पार्टी ने लगातार लगभग एक दशक से नगरी क्षेत्र में दशकों से का बीज एवं रोजगार कर रहे शहरी का 20 जनों को अधिकार दिलाने प्रदेश के यशस्वी एवं संवेदनशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पहल किया था जिस पर मध्य प्रदेश भाजपा सरकार ने अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लेकर नगरी क्षेत्रों में आबादी व नजूल भूमि पर 2014 तक काफी जनों को धारणा अधिकार के तहत अधिकार देने का निर्णय लिया है गुप्ता ने बताया कि पूर्व में रीवा रियासत के समय शहडोल जिला वर्तमान संभाग सहित सतना रीवा सीधी जिले में आबादी घोषित कर बसाया गया था किंतु सात आठ दशक बाद भी आबादी क्षेत्र में कब्जा धारीवाल निवासरत जनों को भू अधिकार प्राप्त नहीं है जबकि नगर पालिका व नगर परिषद संपत्ति कर एवं समेकित कर सभी कब्जा धारियों से वसूल ती हैद्य उन्होंने कहा कि भू अधिकार मिलने से बैंक आवास निर्माण ऋण एवं क्रय विक्रय का विधिवत निष्पादन होगा जिससे वैध भूमि स्वामी के अधिकार प्राप्त होंगेद्य भरना अधिकार का ऑनलाइन आवेदन करना है शहडोल संभाग में शहडोल मुख्यालय बुढार ,धनपुरी, जयसिंहनगर ,अनूपपुर जिले में अनूपपुर ,जैतहरी ,कोतमा, बिजुरी नगर के हजारों कब्जा धारी भू अधिकार से लाभान्वित होंगे भाजपा नेता गुप्ता ने कहा कि संभाग के सभी नगरों में निवासरत पात्रता धारी जनों से आग्रह किया है कि ऑनलाइन आवेदन कर धारणा अधिकार के तहत विधिवत भूस्वामी बनने के लिए जल्द आवेदन करेंद्य वर्ष 2014 तक काफी जनों का परीक्षण उपरांत निर्धारित भू भटक जमा कर भू अधिकार देने का प्रावधान हैद्य मध्य प्रदेश सरकार के इस निर्णय का पूर्व जिलाध्यक्ष अनुपम अनुराग अवस्थी, इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, राकेश पांडे, सतीश तिवारी, अनिल द्विवेदी, ओम प्रकाश द्विवेदी, वीरेंद्र सिंह चौहान, प्रदीप जैन, पुष्पेंद्र जैन, जितेंद्र भट्ट, अजय शुक्ला, हेमंत सोनी आदि भाजपा नेताओं सहित व्यापारियों ने भाजपा सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि कई दशकों के बाद शहरी कब्जा धारियों को न्याय मिला है।

## एसकेएमएस एसईसीएल के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**शहडोल।** एसकेएमएस(एटक) एसईसीएल के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक दिनांक 10/08/2021 को राजनगर एटक ऑफिस, हसदेव क्षेत्र में एसकेएमएस के केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एसकेएमएस के केंद्रीय महामंत्री कामरेड हरिद्वार सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।


## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# 20 विकेट चटकाने पर है कप्तान विराट कोहली का ध्यान





लंदन। इंग्लैंड के हालात में अंतिम एकादश को शार्दुल ठाकुर संतुलन प्रदान करते हैं लेकिन भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को संकेत दिया कि मुंबई के इस तेज गेंदबाज के विकल्प पर फैसला करते हुए टीम प्रबंधन बल्लेबाजी क्षमता को नहीं बल्कि ऐसे खिलाड़ी पर ध्यान देगा जो 20 विकेट चटकाने में मदद कर सके। टेस्ट मैच में जो टीम जितनी जल्दी विकेट निकालेगी, वो जीतने की हकदार होती है।

बायें पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ठाकुर के दूसरे टेस्ट से बाहर होने की जानकारी देते हुए कोहली ने कहा, अच्छी चीज यह है कि जडेजा पहले टेस्ट में रन बना चुके हैं और वह दूसरे मैच में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे। हमारी बल्लेबाजी में पहले ही गहराई है और निचला क्रम भी बल्ले से योगदान दे रहा है। शार्दुल की बल्लेबाजी में अधिक क्षमता है लेकिन पुजारा, जिंक्स (अजिंक्य रहाणे) और मैंने काफी रन नहीं बनाए। अंतिम एकादश में शार्दुल की जगह दूसरे खिलाड़ी के शामिल करने को लेकर कोहली ने कहा, प्रत्येक मैच अन्य बल्लेबाजों के लिए मौका होता है कि वे जिम्मेदारी संभालें। रोहित और लोकेश राहुल काफी अच्छा खेले और एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में अपनी स्थिति को लेकर हम काफी सहज थे और हमें नहीं लग रहा कि अगर शार्दुल नहीं खेलता है तो हमारे पास एक बल्लेबाज कम रहेगा। कप्तान विराट कोहली ने आगे कहा, हमें अंतिम एकादश में सटीक टीम संतुलन हासिल करना है, लेकिन अगर शार्दुल जैसा कोई खिलाड़ी उपलब्ध नहीं होता है तो निश्चित तौर पर हमें सोचना होगा कि हम 20 विकेट कैसे चटकाएंगे और किसी भी ऐसे खिलाड़ी को शामिल करने का प्रयास नहीं करना चाहिए जो बल्ले से कुछ रन बनाए। पहले मैच में जो हुआ उसे लेकर हम काफी सहज हैं। शार्दुल ठाकुर दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं, क्योंकि उनको चोट लगी है।

# दिलचस्प मैच लाइव देखना



## लॉर्ड्स टेस्ट मैच को लाइव देखने के लिए अपनाएं ये तरीका

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला अब से कुछ देर में खेला जाएगा। दोनों ही टीमें इस मैच को जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी, क्योंकि पहला टेस्ट मैच बारिश में धुल गया था और ड्रॉ के रूप में मैच का नतीजा निकला था। इतना ही नहीं, स्लो ओवर रेट की वजह से दोनों टीमों के खाते से आइसीसी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका से दो-दो अंक काट लिए हैं। ऐसे में दोनों टीमें जीतना चाहेंगी। इसलिए आपको अगर ये दिलचस्प मैच लाइव देखना है तो ये खबर आपके लिए है, जिसमें सारी जानकारी आपको मिल जाएगी कि इस मैच को कब और कहां लाइव देख सकते हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला लोकल यानी यूके के समय के अनुसार सुबह 11 बजे से शुरू होगा, लेकिन भारतीय समय के अनुसार उस समय दोपहर के साढ़े 3 बजे होंगे। दोनों देशों के समय में काफी अंतर है। इस वजह से इस मैच में टॉस का प्रसारण दोपहर 3 बजे से देखा जा सकता है। भारतीय टीम अपने ड्ढङ्घ्रष्ट के नए सफर की शुरुआत इंग्लैंड के साथ कर चुकी है, लेकिन पहला मैच बारिश की वजह से ड्रॉ रहा था। ऐसे में इस सीरीज के दूसरे मैच को आप सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव देख सकते हैं। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के अलग-अलग चैनलों पर अलग-अलग भाषाओं में भी इस मुकाबले की कमेंट्री सुनी जा सकती है। मैच की लाइव स्ट्रीमिंग आप सोनी लिव की वेबसाइट और Sony LIV एप पर देख सकते हैं। इसके अलावा अगर आप छ्वद्बश के ग्राहक हैं तो इस मैच का लुत्फ आप JioTV एप पर भी उठा सकते हैं, जहां मैच की लाइव स्ट्रीमिंग होती है



# 51.8 डिग्री तापमान में उर्वशी रौतेला करवाया फोटोशूट

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला अपनी सोशल मीडिया पर पोस्ट्स की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। वह अपने फैंस के लिए खास तस्वीरें और वीडियो भी साझा करती रहती हैं। उर्वशी रौतेला की तस्वीरें और वीडियो भी जमकर वायरल होते रहते हैं। अब उनका एक और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसे उनके फैंस पसंद कर रहे हैं। उर्वशी रौतेला का यह वीडियो उनके नए फोटोशूट का है। इस वीडियो में वह ढेर सारी ज्वेलरी से लदी नजर आ रही हैं। हैरान कर देने वाली बात है कि उर्वशी रौतेला ने यह फोटोशूट 51.8 डिग्री सेल्सियस में करवाया है। इस बात की जानकारी अभिनेत्री ने खुद सोशल मीडिया के जरिए दी है। उर्वशी रौतेला ने अपने इस फोटोशूट के वीडियो को आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि उन्होंने हजारों नगों से जड़ी ड्रेस पहनी हुई है। साथ ही कानों में 15 इंच लंबे नगों से जड़े इयरिंग और बालों में मांग टीका पहना हुआ है। सोशल मीडिया पर उर्वशी रौतेला का यह ट्वीट तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री के फैंस और तमाम सोशल मीडिया यूजर्स उनके वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इससे पहले उर्वशी रौतेला अपनी पूल तस्वीरों को लेकर सुर्खियों में थीं। इन तस्वीरों में उनके साथ अरब के सुपरस्टार मोहमद रमजान भी नजर आए। उर्वशी रौतेला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अरब के सुपरस्टार मोहमद रमजान संग अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। उर्वशी और रमजान के साथ वर्साचे बेबी में नजर आ चुकी हैं। दोनों का यह गाना काफी हिट रहा था। वहीं अब दोनों की एक साथ की पूल की तस्वीरें भी चर्चा में बनीं हुई हैं। उर्वशी और रमजान की ये तस्वीरें वर्साचे बेबी की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि अभिनेत्री शिमरी पिंक टू पीस पहन पूल में बैठी दिखाई दे रही हैं। इस दौरान उर्वशी बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। वहीं मोहमद रामादान शर्टलेस दिख रहे हैं। इन तस्वीरों को साझा करते हुए उर्वशी रौतेला ने कैप्शन में लिखा, 3 महीने मुबारक हो #VERSACEBABY मै क्रेजी हो रही हूं। मुझे यह पसंद है।



**मुबारक हो #VERSACEBABY मै क्रेजी हो रही हूं मुझे यह पसंद है**





# कृति सेनन की फिल्म मिमी को बताया गलत





नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान की बहन सबा अली खान ने अभिनेत्री कृति सेनन की फिल्म मिमी के विषय पर अपनी राय दी है। फिल्म मिमी सरोगेसी के विषय पर है, ऐसे में सबा अली खान ने एक आईवीएफ डॉक्टर का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है और फिल्म मिमी में दिखाए गए सरोगेसी के विषय पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सबा अली खान इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। वह अपने भतीजे और भीतीजी की तस्वीरें भी अक्सर साझा करती रहती हैं। सबी अली खान ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक आईवीएफ डॉक्टर का वीडियो साझा कर पोस्ट लिखा है। उन्होंने पोस्ट के जरिए फिल्म में दिखाए गए तथ्यों का जिक्र किया है। दरअसल सबा अली खान की ओर से साझा किए गए वीडियो में आईवीएफ डॉक्टर बताते हैं कि मिमी फिल्म में सरोगेसी कॉन्सेप्ट को गलत तरीके से दिखाया गया है। वीडियो में मौजूद डॉक्टर के अनुसार नवंबर 2015 में भारत सरकार ने फॉरेन सरोगेसी पर बैन लगा दिया था, यानि? विदेशी कपल भारत में सरोगेट मदर नहीं ढूंढ सकते। वीडियो में यह भी बताया गया है कि प्रेग्नेंसी के शुरुआती चरण यानी 3 महीने के बाद पेट में पल रहे बच्चे के डाउन सिंड्रोम की जांच की जाती है ताकि हल निकाला जा सके।इस वीडियो को साझा करते हुए सबा अली खान ने फिल्म मिमी को लेकर अपनी राय दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, %कहा जाता है कि यह नियम (सरोगेसी नियम) 2015 में जारी हुए थे... और फिल्म की शुरुआत में बताया गया है कि यह साल 2013 की कहानी है....मैं भी सुनिश्चित नहीं हूं कि वह (आईवीएफ डॉक्टर) सही हैं या फिर हो सकता है ऐसा पहले होता था...इस कारण बाद में नियम बनाए गए हों।% सबा अली खान ने अपनी अगली पोस्ट में लिखा, %पर फिल्म में यह साफ कहा गया है कि यह उस वक्त की कहानी है जब यह नियम थे ही नहीं....यह असली अनुभवों पर आधारि?त है और इसलि?ए यह नियम आए क्योंकि? लोग अजन्मे बच्चे में किसी दिक्कत की जानकारी पाकर उसे अपनाने से पीछे हट जाते थे।% सोशल मीडिया पर सबा अली खान अली खान का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है।

# सर्जरी के बाद हॉस्पिटल से प्रकाश राज ने शेयर की फोटो, लिखा-



## The devil is back

नई दिल्ली। बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता प्रकाश राज इस वक्त हैदराबाद के एक हॉस्पिटल में एडमिट हैं। उनके कंधे की एक छोटी सी सर्जरी हुई है जिसके बाद अब वो पूरी तरह ठीक हैं और इस बात की जानकारी ख़ुद प्रकाश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम के जरिए फैंस को दी है। प्रकाश ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर की जिसमें वो हॉस्पिटल के बेड पर लेटे नज़र आ रहे हैं। फोटो में दिख रहा है कि प्रकाश के कंधे पर पट्टी बंधी हुई है और उनका हाथ स्लिंग से बंधा हुआ है, प्रकाश फोटो में कैमरे की तरफ देखकर बड़ी सी स्माइल करते दिख रहे हैं जो ये दिखा रहा है कि एक्टर पहले से काफी फिट हैं। फोटो शेयर करते हुए प्रकाश ने कैप्शन में लिखा है, 'शैतान लौट आया है... सर्जरी सक्सेसफुल रही। शुक्रिया मेरे खास दोस्त डॉक्टर गौरव रेड्डी और उन सभी का शुक्रिया जिन्होंने मेर लिए दुआ की। मैं जल्द एक्शन में वापस लौटूंगा'। प्रकाश के फोटो पर कमेंट कर उनके फैंस उन्हें जल्दी ठीक होने की दुआ द रहे हैं। आपको बता दें कि प्रकाश राज ने एक्सीडेंट के बारे में जानकारी भी ख़ुद ही दी थी। 10 अगस्त को प्रकाश ने अपने आधिकारिक ट्विर हैंडल के जरिए अपनी सर्जरी के बारे भी बताया था। एक्टर ने लिखा था, 'एक छोटा सा एक्सीडेंट.. छोटा सा फ्रेक्चर...सर्जरी के लिए मेरे दोस्त डॉ गौरवरेड्डी के सुरक्षित हाथों में हैदराबाद जा रहा हूं। मैं ठीक हो जाऊंगा चिंता की कोई बात नहीं है। मुझे अपनी दुआओं में याद रखें'। वर्क फ्रंट की बात करें प्रकाश राज हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई तमिल एंथोलॉजी फिल्म Navarasa ¥õÚU Paava Kadhaigal में नज़र आए थे। इसके अलावा साल 2020 में ही जी5 पर उनकी एक तेलुगू सीरीज़ Shootout at Alair रिलीज़ हुई थी।

## वाह... रे... नगर निगम के अधिकारी



**ये है जबलपुर की श्रीनाथ तलैया... साहब**

जबलपुर, यशभारत। ये तश्वीर शहर को मच्छरों से मुक्त करने का दंभ भरने वाले नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली का जीता जागता उदाहरण है। शहर के प्राचीन 52 ताल तलैया में मशहूर श्रीनाथ तलैया की ये तस्वीर बता रही है कि हमारी धरोहर किस हालात में है। श्रीनाथ तलैया में मच्छरों का आतंक है, गदंगी से पूरा क्षेत्र पटा है। हैरानी इस बात पर है कि नगर निगम मुख्यालय और श्रीनाथ तलैया की दूरी ज्यादा नहीं फिर भी निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। दूसरी ओर शहर में डेंगू की चपेट में बच्चे से लेकर सभी वर्ग है। बाबजूद नगर निगम शहर की सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रहा है।

## रांझी क्षेत्र में हुआ जन समस्या शिविर का आयोजन

# विधायक, कलेक्टर और निगमायुक्त ने दीनदयाल रसोई के भोजन का चखा स्वाद





**जबलपुर,यशभारत। नगर निगम की विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने के लिए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में आज रांझी बड़ा पत्थर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में नगर निगम की जन समस्या शिविर का आयोजन किया।**

इस दौरान विशेष रूप से कैंट विधायक अशोक रोहाणी,कलेक्टर कर्मवीर शर्मा और नगर निगम कमिश्नर संदीप जीआर उपस्थित थे। शिविर के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा,विधायक रोहाणी और निगमायुक्त संदीप जीआर ने दीनदयाल रसोई के भोजन का स्वाद भी चखा। इस दौरान विधायक,कलेक्टर और निगमायुक्त ने भोजन की गुणवत्ता की तारीफ करते हुए इसे स्वादिष्ट बताया।

### शिविर में मृत्यु प्रमाण पत्र और बीपीएल कार्ड की समस्याओं को लेकर पहुंचे लोग

लोगों की समस्याओं का निराकरण जन समस्या शिविर के दौरान क्षेत्र के लोगों ने अनेक समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। जिसमें नल कनेक्शन,बीपीएल कार्ड बनवाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने,स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने, नल जल योजनाओं का लाभ देने, पीएम स्व निधि योजना अंतर्गत लाभान्वित करने आदि से संबंधित थे। शिविर के दौरान 23 लोगों की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए ,42 व्यक्तियों के जन्म प्रमाण पत्र बनाए गए, 9 हितग्राहियों को बीपीएल कार्ड बनाए गए तथा 27 हितग्राहियों के समग्र आईडी अपडेट किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि हितग्राही मूलक योजनाओं के जितने भी कार्ड है उन सभी के कार्डों का अपडेशन करें और समस्याओं का समाधान करें। इस दौरान खाद्यान्न पर्ची से संबंधित समस्या का समाधान भी किया गया साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत परिवार को सदस्यों के बीच संयुक्त रूप से बैंक फाइनेंस कराने के निर्देश दिए।

## भेड़ाघाट में सरकारी जमीन पर तान लिया था मकान प्रशासन ने किया जमीदोज

**जबलपुर, यशभारत।** भेड़ाघाट के सरस्वती घाट में आज प्रशासन ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए डयूपलेक्स को जमीदोज कर दिया। उक्त निर्माण कार्य धर्मशाला बनाने के नाम पर किया जा रहा था, जबकि जमीन सरकारी थी। इस दौरान भारी पुलिस बल और एसडीएम शहपुरा की उपस्थिति में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जानकारी अनुसार सरस्वती घाट के पास एक ड्यूपलेक्स बनाया जा रहा था, जिसके मालिक विजय सिंह ठाकुर पिता टेक सिंह ठाकुर थे। जो उक्त जमीन पर अपना करीब 80 वर्ष से कब्जा बताकर, दस्तावेज होने की बात कहकर, वहां बड़े स्तर पर निर्माणकार्य करा रहे थे। जिसके चलते प्रशासन ने निर्माण कार्य ध्वस्त कर, सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाया।

**धर्मशाला के नाम पर हो रहा था निर्माण, कलेक्टर को कार्रवाई रोकने दिया प्रार्थना पत्र**

### सरपंच की सहमति, पूर्ण दस्तावेज है

तो वहीं दूसरी ओर विजय सिंह ठाकुर ने कलेक्टर जबलपुर कर्मवीर शर्मा को एक प्रार्थना पत्र देते हुए अपने आपको बेकसूर बताया। दिए गए पत्र में विजय सिंह ने बताया है कि उक्त निर्माण कार्य वह धर्मशाला के लिए करा रहा था और इसके पहले उसने सरपंच की सहमति भी ली थी। इतना ही नहीं विजय सिंह ने इस बात का जिक्र भी किया है कि उसके पास जमीन से संबंधित पूर्ण दस्तावेज है, इसलिये निर्माणकार्य रोका जाए।

## खमरिया के सिक्योरिटी गार्ड ने चोर को रंगे हाथों पकड़ा

**जबलपुर, यशभारत।** थाना खमरिया अंतर्गत खमरिया फैक्ट्री के सिक्योरिटी गार्ड ने एक ऐसे चोर को थाने पहुंचकर पुलिस के हवाले किया जो टेलीफोन के खंबे को घसीटरक ले जा रहा था। जब गार्ड ने आरोपी को पकड़ा तो वह भागने लगा, जिसे दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी अनुसार मुकेश कुमार उपाध्याय उम्र 46 वर्ष निवासी राजुल सिटी बिलहरी का एक व्यक्ति को पकड़कर लाते हुए पुलिस को बताया कि वह खमरिया फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर पदस्थ है । उसकी डियूटी खमरिया लेक में लगी थी, तभी एक व्यक्ति फैक्ट्री के रोड किनारे पड़ा हुआ फैक्ट्री का टेलीफ ोन का खम्बा कीमती लगभग 3 हजार रूपये का चोरी कर घसीटकर ले जा रहा था। जिसे उसने रंगे हाथ पकड़ा एवं सूचना सिक्योरिटी इंचार्ज को दी। आरोपी बंटू उर्फ कृष्णकुमार श्रीवास उम्र 40 वर्ष निवासी मेजर किराना स्टोर के पीछे बड़ा पत्थर रांझी का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लेते हुए मामला जांच में लिया है।

## 6 दिन से तड़प रही थी, मेडिकल में ऑपरेशन से निकाला गया मिर्ची का टुकड़ा

# 13 माह की बच्ची की सांस नली में फंस गई मिर्ची

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सक एक बार फिर देवदूत बने। 13 माह की मासूम बच्ची की सांस नली में फंसी मिर्ची का टुक?ा निकालकर उन्होंने उसकी जान बचाई। कटनी माधव नगर निवासी दीपक रजक की 13 माह की बेटी सानिया ने खेल-खेल में 6 दिन पहले मिर्ची का टुक?ा खा लिया था जिसके बाद से उसे सीने में दर्द और जलन हो रही थी। बच्ची ने खाना-पीना भी छो? दिया था। मिर्ची का टुक?ा सांस नली में फंस जाने से बच्ची को बेचैनी हो रही थी। सांस लेने में कठिनाई होने पर परिवार ने उसे कटनी के अस्पताल पहुंचाया जहां से जबलपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल में एंडोस्कोपी



की सहायता से सांस नली में फंसे मिर्ची के टुक? को बाहर निकाला गया। नाक, कान, गला रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कविता सचदेवा और उनकी टीम ने मिर्ची का टुक?ा निकालने की प्रक्रिया की। डॉ. सचदेवा ने बताया कि सांस नली मिर्ची का टुक?ा फंसने 13 माह की मासूम को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। बच्ची को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए 24 घंटे के लिए भर्ती किया गया है।

### पहला ऐसा मामला पहुंचा मेडिकल

नाक, कान, गला रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कविता सचदेवा ने बताया कि इससे पहले बहुत जटिल ऑपरेशन किए गए परंतु बच्ची की सांस नली में मिर्ची फंसने का पहला मामला था। ऑपरेशन कर रही डॉक्टरों की टीम भी अचंभित थी। बच्ची के परिजनों ने बताया कि उसके दांत निकल रहे हैं शायद इसी चक्कर में उसने मिर्ची का टुक?ा खा लिया होगा। इस बात की जानकारी उस वक्त लगी जब उसने खाना-पीना छो? दिया था और उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

## पुलिस कर्मियों को कुचलने का प्रयास

**जबलपुर, यशभारत।** वाहन चैकिंग के दौरान सेंट नार्बट तिराहे पर पुलिस बल पर तेज रफ्तार वाहन चढ़ाने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद पूरे विभाग में हड़कंप मच गया है। स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देश पर सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में बेरिकेट लगाकर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान ओमती टीआई शिवेश प्रताप सिंह बघेल अपने बल के साथ सेंट नार्बट तिराहा में खड़े होकर वाहन रोक रहे थे। तभी रात करीब 8॰30 बजे सामने से एक तेज रफ्तार कार आती हुई दिखी, जिसे थाना प्रभारी स्टाफ ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार चालक ने पुलिस को देखते ही कार की स्पीड बढ़ा दी और वाहन पुलिस बल पर चढ़ाने का प्रयास करते हुए भाग निकला। किसी तरह जान बचाकर भागे पुलिस कर्मियों को कुछ समय में नहीं आया कि आखिरकार कार चालक ने पुलिस पर वाहन क्यों चढ़ाया।

**वाहन चैकिंग के दौरान तेज रफ्तार कार चालक ने किया पुलिस बल पर वाहन चढ़ाने का प्रयास**

### ब्लूम चौक की ओर भागा आरोपी

वारदात के बाद आरोपी कार चालक ब्लूम चौक की ओर भागा। इसी दौरान पुलिस ने उसका पीछा करते हुए वायरलेस सेट पर कॉल किया कि काले रंग की लग्जरी कार को रोका जाए। पुलिस कार सहित युवक की तलाश कर रही है। टीआई एसपीएस बघेल की शिकायत पर ओमती थाना में आरोपी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 279, 336, 353, 308 एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184,119/177 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। टीआई ओमती एसपीएस बघेल ने बताया कि वह सेंट नार्बट तिराह पर एसआई नवल सिंह परस्ते, राजकुमार भावरे, राजेंद्र सिलावट, घनयाम, निखलेश, कृष्ण बल्लभ नाराय, हेमेंद्र के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। भंवरताल गार्डन वाली रोड पर आरक्षक राजेंद्र, घनश्याम तैनात थे।

# हाईवा से ढो रहा था चोरी की रेत, पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर, यशभारत। अवैध उत्खनन के चलते मां नर्मदा का सीना छलनी कर तस्कर रोज हजारों डंपर रेत सप्लाई कर रहे है। जो पर्यावरण के लिए घातक है।**

थाना चरगवां अंतर्गत गश्त के दौरान जब पुलिस ने एक हाईवा चालक को रोककर पूछताछ की तो वह पहले भागने लगा, जिसे पकड़ा गया तो उसने बताया कि वह नर्मदा घाट से चोरी की रेत लेकर जा रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रॉयल्टी नहीं है। जिसके बाद पुलिस इस गिरोह के सरगना को खोज रही है। जानकारी अनुसार चरगवां पुलिस ने बताया कि इलाका भ्रमण ग्राम भड़पुरा शनि मंदिर के पास चरगवां शहपुरा रोड आइशर कम्पनी का हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 6409 शहपुरा तरफ जाता दिखाई दिया। संजय गोंड़ उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 12 नया मोहल्ला शहपुरा के हाईवा को चैक करने पर रेत भरी थी। जिससे रेत की रायल्टी के संबंध में पूछने पर युवक ने बताया कि रॉयल्टी नहीं है और वह रेत को भड़पुरा नर्मदा घाट से चोरी करके लाया है। आरोपी संजय गोंड़ से उक्त ट्रक हाईवा आईसर कम्पनी क्रमांक एमपी 20 एचबी 6409 मय रेत के जब्त करते हुये कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

**मां नर्मदा को कर रहे छलनी**

## गोराबाजार में ऑनलाइन ठगी का अजब-गजब मामला

# गुरु जी से खाते से उड़ा ली 80 हजार की रकम

**जबलपुर, यशभारत।** थाना गोराबाजार में आज ऑनलाइन ठगी का एक अनोखा मामला सामने आया है। जिसमें एक शातिर ठग ने पहले तो कोचिंग के गुरु जी से प्रणाम कर, उनसे शिक्षा लेने की बात कही और एडमीशन फीस के तौर पर रकम उनके बैंक अकाउंट में जमा करने के लिए बैंक का नंबर लिया और फिर करीब 80 हजार पार कर दिए। जब कोचिंग के गुरु जी को इस बात की जानकारी लगी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जिसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी अनुसार थाना गोराबजार में मनधीर सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी शिवपुरी कजरवारा ने बताया कि मोबाइल धारक जगदीश के नाम के फ ोन पे अकाउण्ट के माध्यम से उसके एसबीआई बैंक के अकाउण्ट से लगभग 80 हजार रूपये निकाले गये है उक्त व्यक्ति उसका स्ट्यूडेण्ट बनकर तीन बार में 78 हजार 276 रूपये निकाल चुका है।

**पुलिस जांच जारी**

### ओटीपी से उड़ा दिए पैसे

पुलिस ने शिकायत की जब जांच पड़ताल की तो पता चला कि किसी शातिर द्वारा पीड़ित के मोबाइल नम्बर पर मोबाइल से फ ोन करके एडमिशन फ ीस जमा करने के बहाने ओटीपी नम्बर मांगकर 3 बार में 78 हजार 276 रूपये पेटीएम के माध्यम से निकाल कर धोखाधड़ी की है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

## नशे का बढ़ा जुनून

**जबलपुर, यशभारत।** शहर में नशा तस्कारों का गिरोह सक्रिय है। जो ग्रामीणांचलों से लेकर शहर की हर एक कॉलोनियों में अपने गुर्गों के माध्यम से गांजे की धड़ल्ले से सप्लाई करते है। जिसका एक मामला थाना पनागर में उस वक्त सामने आया जब ग्राहक का इंतजार कर रहे एक युवक से पुलिस ने 8 हजार रुपए का गांजा जब्त किया। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है। कयास लगाए जा रहे है कि युवक के अन्य साथी भी शामिल है। जिनकी पड़ताल जारी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि धरमवीर सिंह चौहान रैपुरा आरपीजी फैक्ट्री के समाने एक सफेद रंग के थैले में गांजा रखे बेचने हेतु किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा हैं, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर, धरमवीर सिंह चौहान उम्र 38 वर्ष निवासी टीआई बंगला के पास सुहागी अधारताल को दबोचा। जिसकी तलाशी लेने पर हाथ में लिये प्लास्टिक के थैले के अंदर गांजा रखा हुआ मिला, जो तौल करने पर कुल 800 ग्राम गांजा कीमती 8 हजार रूपये का होना पाया गया जिसे जब्त करते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्थापना 1948
73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र)
फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
(मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना
मुरमुरा
बोल्ड चना
केला चिप्स
बोल्ड पीनट
मसाला चना
ड्राय मेल
चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING
4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing
2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM
3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार
शासकीय मेडिकल अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Raiway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )